RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार सोमवार
06:41 PM
सहरी मंगलवार
04:49 AM

वर्ष : 26 | अंक : 99 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 01 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# 15 तक तिहाड़ जेल में रहेंगे केजरीवाल

## कोर्ट में पहली बार आतिशी-सौरभ के नाम का खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब केजरीवाल तिहाड़ जेल में रहेंगे।

दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें अब न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा है। ईडी ने कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी।

अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान पत्नी सुनीता, आप नेता सौरभ भारद्वाज, आतिशी, गोपाल राय समेत कई नेता मौजूद रहे। बीती 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने राहत नहीं दी थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## डॉ.महेन्द्र नागर ने किया नामांकन



**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर ने आज विधिवत अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। अपने कई समर्थकों, प्रस्तावक तथा समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं के साथ डा0 महेन्द्र नागर दोपहर सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा रिटर्निंग ऑफिसर मनीष कुमार वर्मा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

इस मौके पर उनके साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, पूर्व विधायक वंशी पहाड़िया तथा सपा के वरिष्ठ नेता रामशरण नागर एडवोकेट मौजूद थे।

वहीं कलेक्ट्रेट के बाहर नामांकन के दौरान लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव, कांग्रेस के दिनेश शर्मा, रामकुमार तंवर, आम आदमी पार्टी के जिलासचिव राकेश अवाना समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। नोएडा सीट के पर्चे ग्रेटर नोएडा स्थित सूरजपुर के पास कलेक्ट्रेट में भरे जा रहे हैं। नामांकन की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू है तथा 4 अप्रैल तक चलेगी।

नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट पर नामांकन को लेकर ग्रेटर नोएडा में स्थित कलेक्ट्रेट को पूरी तरह से छावनी में बदल दिया गया है। कलेक्ट्रेट के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## क्राइम फाईल

### परीक्षा में कम नंबर आने पर छात्र लापता

**नोएडा (चेतना मंच)।** सातवीं कक्षा की परीक्षा में नंबर कम आने पर एक 13 वर्षीय किशोर घर से चला गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। किशोर के पिता ने थाना सेक्टर 63 में मुकदमा दर्ज कराया है।

शत्रुघ्न मंडल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका (13 वर्षीय बेटा) राकेश (काल्पनिक नाम) छिजारसी कॉलोनी के स्कूल में पढ़ता था। वह घर से अपने स्कूल रिजल्ट लेने के लिए गया था। इसके बाद में वापस नहीं लौटा। घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। स्कूल में पूछताछ करने पर पता चला कि परीक्षा में काम नंबर आने के डर की वजह से राकेश लापता हो गया है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### दबिश देने के बाद रोमियो हुआ फरार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 पुलिस व एंटी रोमियो टीम ने राह चलती युवती व महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले मनचले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत के बाद गिरफ्तार करने के लिए पहुंची पुलिस टीम को देखकर मनचला दीवार फांदकर फरार हो गया।

उप निरीक्षक प्रीतिका सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह एंटी रोमियो टीम के साथ क्षेत्र में ग्रस्त पर थी इस दौरान वह ग्राम अली वर्दीपुर पहुंची तो आसपास के लोगों ने बताया कि उनके मोहल्ले में रहने वाला आजाद पुत्र शाकिर आने जाने वाली राह चलती लड़कियों पर अश्लील फब्तियां कसता है। लोक लाज के भय से युवतियां इसकी शिकायत पुलिस में नहीं करती हैं। यह जानकारी मिलने पर वह एंटी रोमियो टीम के साथ आजाद के घर पहुंची तो वह पुलिस को देखकर मकान की दीवार फांद कर फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

### अवैध मिट्टी खनन पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-164 स्थित ग्राम गुलावली व मोहियापुर की जमीन पर नियोजित औद्योगिक भूखंडों से चोरी-छिपे मिट्टी उठाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया गया है। नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल-9 के वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि सेक्टर-164 में ग्राम गुलावली व मिर्जापुर की भूमि पर औद्योगिक भूखंड नियोजित किए गए हैं पिछले कुछ दिनों से अज्ञात लोगों द्वारा रात के समय यहां से मिट्टी चोरी की जा रही है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार प्राधिकरण द्वारा मिट्टी चोरी रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखे गए लेकिन मिट्टी चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा। प्राधिकरण अधिकारी की शिकायत पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मिट्टी चोरी का मामला दर्ज किया है।

## 100 किलो गांजा समेत दो गिरफ्तार

### आंध्र प्रदेश से लग्जरी कार से लाते थे गांजा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मेरठ जोन की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) व थाना कासना पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 100 किलो गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गए तस्कर लग्जरी कार में आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर नोएडा ग्रेटर नोएडा एनसीआर में सप्लाई करते थे।

एएनटीएफ की टीम को सूचना मिली कि आंध्र प्रदेश से लग्जरी कर के जरिए गंजे की एक बड़ी खेप आ रही है। सूचना के आधार पर ए एन टी एफ की टीम ने थाना कासना पुलिस को साथ लेकर सिरसा कट के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। मुखबिर के इशारे पर एक ब्रेजा कर को जांच के लिए रुकवाया गया। पुलिस को देखकर ब्रेजा कार सवार दो युवकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 100 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम मोनू व अशोक निवासी वृंदावन (मथुरा) बताया।

गांजा तस्करों ने बताया कि वह आंध्र प्रदेश से गांजा खरीद कर उसे एनसीआर में सप्लाई करते हैं। पुलिस के मुताबिक बरामद गांजे की कीमत लाखों रुपए में है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह गांजे के इस खेप को किसे डिलीवर करने वाले थे।

## पुलिया पर मिला बुजुर्ग का शव, हत्या की आशंका

**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा जोन में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के जेपी अमन से ग्राम कोंडली की ओर जाने वाले रास्ते के पास पुलिया पर एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। जिसके गले और सिर में चोट के निशान हैं। मृतक बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान 60 वर्षीय नंदराम पुत्र रामचरण के रूप में की गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गैंगस्टर में वांछित ईनामी बदमाश गोली लगने से घायल, गिरफ्तार



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशके पास से एक बाइक समेत तमंचा और कारतूस बरामद किया है। दरअसल नोएडा के सेक्टर-39 थाना पुलिस के साथ सेक्टर 46 रेड लाइट के चौराहे पास हुई मुठभेड़ में एक गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25,000 रुपये के इनामी बदमाश गोली लगने से (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चार स्थानों पर चोरों ने लाखों की नकदी, जेवरात व कीमती सामान उड़ाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी की चार वारदातों को अंजाम दिया।चोर नगदी,लैपटॉप, मोबाइल फोन व अन्य सामान को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस नहीं मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में रहने वाले अक्षर राना रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 30 मार्च को काम करने के लिए बाहर गया हुआ था शाम के समय जब वापस लौटा तो उसके घर का ताला टूटा हुआ था। चोर घर में रखे 40 हजार रुपए व जेवरात को चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना पुस्तक क्षेत्र के सबरी गांव स्थित क्रॉउन अपार्टमेंट में (शेष पृष्ठ-3 पर)




नोएडा सेक्टर-39 जिला अस्पताल में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के वाहन को हरी झंडी देकर रवाना करते जिलाधिकारी मनीष वर्मा तथा सीएमओ सुनील कुमार शर्मा।

## ब्रेजा कार की टक्कर में मासूम की मौत, पत्नी घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दूसरा क्षेत्र के शाहबेरी बिसरख रोड पर ब्रेजा कार की टक्कर लगने से 2 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद भागने का प्रयास कर रहे कार चालक को लोगों ने मौके पर दबोच कर थाना बिसरख पुलिस के हवाले कर दिया।

राईसन अपार्टमेंट शाहबेरी निवासी शाहबाज ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी व 2 साल के बच्चे के साथ जा रहा था। इस दौरान पीछे से तेज गति में आ रही ब्रेजा कर के चालक ने उसकी पत्नी व 2 साल के बेटे आरिज को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ब्रेजा कर चालक मौके से भागने लगा आगे रास्ता बाधित होने के कारण राहगीरों ने कार चालक को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया है। शाहबाज के मुताबिक वह अपनी पत्नी व बेटे को उपचार के लिए पास के ही वृंदावन अस्पताल लेकर पहुंचा उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्राधिकरण की टीम पर हमला करने पर 6 के खिलाफ मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अतिक्रमण हटाने के दौरान प्राधिकरण कर्मियों व पुलिस पर हमला करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से यह मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क सर्किल 3 के सहायक प्रबंधक गौरव ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि ग्राम बिसरख जलालपुर के खसरा संख्या-773 की भूमि प्राधिकरण द्वारा अर्जित की गई है। उक्त भूमि पर अवैध रूप से फ्लैट मकान इत्यादि बनाकर भोले वाले लोगों को बेचा जा रहा है। जानकारी मिलने पर कई बार अवैध निर्माण को प्राधिकरण द्वारा रुकवाया गया। इसके बावजूद भी रात्रि में अवकाश के दिनों में निर्माण कार्य किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा भी 19 मार्च को उक्त खसरे पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किए जाने के आदेश दिए गए थे इसके बावजूद भी 28 मार्च को होली की छुट्टी के दौरान उक्त खसरे पर कुछ लोग अवैध निर्माण कर रहे थे। अवैध निर्माण की सूचना मिलने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम तथा थाना बिसरख की पुलिस मौके पर पहुंची।

प्राधिकरण में पुलिस की टीम अवैध निर्माण को रोकने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान कुलदीप भाटी ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अपनी गाड़ी से जेसीबी में टक्कर मार दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्लॉट का फर्जी एग्रीमेंट कर 15 लाख हड़पे

**नोएडा (चेतना मंच)।** बिल्डर ने अपने परिजनों के साथ मिलकर किसी दूसरे व्यक्ति के प्लाट का फर्जी एग्रीमेंट कर 15 लाख रुपए हड़प लिए। फर्जीवाड़े की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ थाना फेस वन में मुकदमा दर्ज कराया है।

अहिंसा वाटिका रामनगर शाहदरा दिल्ली निवासी डॉक्टर संतोष कुमार झा ने बताया कि वर्ष 2021 में सेक्टर 6 स्थित बाइनरी इंफ्रा के कार्यालय में उसकी मुलाकात भगवती प्रसाद शर्मा उनके बेटे योगेश शर्मा, चेतन शर्मा व पत्नी मालती शर्मा से हुई। इन लोगों ने अपना परिचय रियल स्टेट कंपनी के प्रोपराइटर निदेशक और पार्टनर के रूप में दिया। उन्होंने उनकी बातों में आकर ग्रेटर नोएडा में एक प्लॉट खरीदा इसकी एवज में उन्होंने 5 लाख रुपए का भुगतान बाइनरी इंफ्रा के अकाउंट में किया। कुछ समय बाद जब है उक्त प्लाट पर गए तो पता चला कि वह किसी अन्य व्यक्ति के नाम है। इस पर उसने योगेश शर्मा से संपर्क कर प्लॉट दिए जाने की मांग की। योगेश शर्मा ने बताया कि वह उसे दूसरे स्थान पर प्लॉट दे रहे हैं इसके लिए योगेश शर्मा ने रजिस्ट्री स्टांप ड्यूटी वकील खर्चा व अन्य मद में उससे 1517000 ले लिए। पैसा लेने के बाद जब उसने रजिस्ट्री के लिए बात की तो भगवती प्रसाद बहाना बनाते रहे। इस दौरान उसे पता चला कि आरोपियों ने फर्जी एग्रीमेंट कर उससे 1517000 हड़प लिए हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** आज सेक्टर-52 स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन व उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव पवन शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त रूप से नवनियुक्त महानगर कांग्रेस नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव को फूल माला व गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी।

नवनियुक्त महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए कार्य करूंगा।

बधाई देने वालों में मुख्य रूप से नोएडा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, सोशल मीडिया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव पवन शर्मा, गौतम बुद्ध नगर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जावेद खान, सोशल आउटरीच युवा अध्यक्ष मोहम्मद चांद सुमित जाटव, परवेज, मुनेश, अरमान, विनोद शाह, अमित व प्रेम, परवीन व अन्य लोग मौजूद रहे।



### चुनाव के वक्त अध्यक्ष बदलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष

**नोएडा (चेतना मंच)।** ऐन चुनाव के वक्त नोएडा महानगर व जिला अध्यक्षों के पदों में फेरबदल से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में काफी रोष है। उनका कहना है कि कोई भी दल चुनाव के वक्त सांगठनिक फेरबदल नहीं करता है। इससे पार्टी को ही खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बता दें कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने नोएडा महानगर में रामकुमार तंवर के स्थान पर प्रदेश सचिव मुकेश यादव को नोएडा महानगर का (शेष पृष्ठ-3 पर)



## हवा-हवाई गठबंधन

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह विपक्षी दल एकजुट हुए थे और एक व्यापक आंदोलन की रणनीति बनी थी, उससे लगा था कि वह सत्तापक्ष के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। मगर अब जब चुनाव की घोषणा हो गई और नामांकन के पहले चरण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है, इस गठबंधन में त्वरा नजर नहीं आ रही है। खासकर सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में तो सीटों को लेकर पहले ही समझौता हो गया था, मगर बिहार में गतिरोध जारी था। अब काफी मंथन के बाद वहां समझौता हो पाया है। राष्ट्रीय जनता दल छब्बीस, कांग्रेस नौ और पांच सीटों पर वाम दल चुनाव लड़ेंगे। मगर अभी महाराष्ट्र का मामला लटका हुआ है। गठबंधन में नजर आ रही यह शिथिलता किसी रणनीति का हिस्सा नहीं मानी जा सकती। इसमें राजनीतिक दलों की अपनी स्थिति को लेकर हिचक अधिक समझ आती है। दरअसल, जिस जोशो-खरोश के साथ विपक्षी दलों ने मिल कर 'इंडिया' गठबंधन बनाया था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। इस गठबंधन के अगुआ नीतीश कुमार खुद भाजपा के साथ जा मिले, फिर ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इस तरह दलों के अलग-अलग रास्ता अपनाने से गठबंधन की जो कुछ रैलियां प्रस्तावित थीं, वे भी अभी तक नहीं हो पाई हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो फार्मूला पहले ही तय हो जाना चाहिए था, वह अभी तक अंतिम रूप नहीं ले पाया है, जिसकी वजह से ये अड़चनें बनी हुई हैं। माना जा रहा था कि गठबंधन के दल इस फार्मूले पर सहमत हो जाएंगे कि जिस सीट पर जिसकी जीत की उम्मीद अधिक है, उस पर उसी के प्रत्याशी को उतारा जाएगा। मगर शायद यह फार्मूला सर्वमान्य नहीं हो पाया। इसी वजह से कुछ सीटों को लेकर अभी तक खींचतान देखी जा रही है। इससे गठबंधन के बारे में गलत संदेश ही जा रहा है। सीटों के निर्धारण में जितनी देर होगी, उतना ही कम समय उन पर उतारे जाने वाले प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मिल पाएगा। राजनीति में फैसलों के समय की भी बड़ी अहमियत होती है। सही समय पर फैसले नहीं लिए जाते, तो उसका फायदा आखिरकार विपक्षी दल को मिलता है। इसलिए गठबंधन दलों को अब ज्यादा समय तक सीटों के बंटवारे को लेकर हिचक पाले रखना या मंथन नहीं करना चाहिए। हालांकि कई बार रणनीति के तहत भी राजनीतिक दल ऐसा दिखाने के प्रयास करते हैं कि वे कमजोर या अनिर्णय की स्थिति में हैं। इस तरह वे प्रतिद्वंद्वी की चालों को भांपने का प्रयास करते हैं। मगर गठबंधन दल अब उस दौर से आगे निकल आए हैं। सत्तापक्ष ने ज्यादातर जगहों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उसके सहयोगी दलों के साथ समीकरण भी स्पष्ट हैं। ऐसे में अब जरूरत है, तो विपक्षी गठबंधन दलों को अपने स्थानीय स्वार्थों और पार्टी नेताओं के दबाव से बाहर निकल कर सत्ता समर के लिए कमर कसने की। हालांकि गठबंधन के लिए इसे एक अच्छा संकेत माना जा सकता है कि सीटों के बंटवारे में देर जरूर हो रही है, पर अभी तक उनमें एकजुटता बनी हुई है। ऐसा कोई बड़ा विवाद या विद्रोह अभी तक नजर नहीं आया है। यह सत्तापक्ष के लिए अपने आप में किसी चुनौती से कम नहीं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तिर्यक योनि ( पशु-पक्षी ), देवता या मनुष्य का, जो भी शरीर धारण करता, वहाँ-वहाँ ( उस-उस शरीर में ) मैं श्री रामजी का भजन जारी रखता। ( इस प्रकार मैं सुखी हो गया ), परंतु एक शूल मुझे बना रहा। गुरुजी का कोमल, सुशील स्वभाव मुझे कभी नहीं भूलता ( अर्थात मैंने ऐसे कोमल स्वभाव दयालु गुरु का अपमान किया, यह दुःख मुझे सदा बना रहा )॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**चरम देह द्विज कै मैं पाई। सुर दुर्लभ पुरान श्रुति गाई॥**
**खेलउँ तहूँ बालकन्ह मीला। करउँ सकल रघुनायक लीला॥**

मैंने अंतिम शरीर ब्राह्मण का पाया, जिसे पुराण और वेद देवताओं को भी दुर्लभ बताते हैं। मैं वहाँ (ब्राह्मण शरीर में) भी बालकों में मिलकर खेलता तो श्री रघुनाथजी की ही सब लीलाएँ किया करता॥

**प्रौढ़ भएँ मोहि पिता पढ़ावा। समझउँ सुनउँ गुनउँ नहिं भावा॥**
**मन ते सकल बासना भागी। केवल राम चरन लय लागी॥**

सयाना होने पर पिताजी मुझे पढ़ाने लगे। मैं समझता, सुनता और विचारता, पर मुझे पढ़ना अच्छा नहीं लगता था। मेरे मन से सारी वासनाएँ भाग गईं। केवल श्री रामजी के चरणों में लव लग गई॥

**कहु खगेस अस कवन अभागी। खरी सेव सुरधेनुहि त्यागी॥**
**प्रेम मगन मोहि कछु न सोहाई। हारेउ पिता पढ़ाइ पढ़ाई॥**

हे गरुड़जी! कहिए, ऐसा कौन अभागा होगा जो कामधेनु को छोड़कर गदही की सेवा करेगा? प्रेम में मग्न रहने के कारण मुझे कुछ भी नहीं सुहाता। पिताजी पढ़ा-पढ़ाकर हार गए॥

**भय कालबस जब पितु माता। मैं बन गयउँ भजन जनत्राता॥**
**जहँ जहँ बिपिन मुनीस्वर पावउँ। आश्रम जाइ जाइ सिरु नावउँ॥**

जब पिता-माता कालवश हो गए (मर गए), तब मैं भक्तों की रक्षा करने वाले श्री रामजी का भजन करने के लिए वन में चला गया। वन में जहाँ-जहाँ मुनीश्वरों के आश्रम पाता, वहाँ-वहाँ जा-जाकर उन्हें सिर नवाता॥

**बूझउँ तिन्हहि राम गुन गाहा। कहहिं सुनउँ हरषित खगनाहा॥**
**सुनत फिरउँ हरि गुन अनुबादा। अब्याहत गति संभु प्रसादा॥**

हे गरुड़जी ! उनसे मैं श्री रामजी के गुणों की कथाएँ पूछता। वे कहते और मैं हर्षित होकर सुनता। इस प्रकार मैं सदा-सर्वदा श्री हरि के गुणानुवाद सुनता फिरता। शिवजी की कृपा से मेरी सर्वत्र अबाधित गति थी (अर्थात मैं जहाँ चाहता वहीं जा सकता था)॥ (क्रमशः....)

# राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है।

श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है।

चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं।

राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपूर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही



**जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे।**

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है।

दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है।

करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है।

उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद कनकमल कटारा का टिकट काटकर कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को प्रत्याशी बनाया गया है। मालवीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पसंद माने जाते हैं।

भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से सांसद बनते आ रहे सुभाष बहेड़िया का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है क्योंकि यहां से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है। जबकि कांग्रेस ने यहां से दामोदर गुर्जर को अपना प्रत्याशी बना दिया है। सुभाष बहे?िया ने 2019 का लोकसभा चुनाव 611460 वोटो के अंतर से जीता था। इतनी बड़ी जीत होने के बावजूद भी बहेड़िया का टिकट क्लियर नहीं होने के चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछली बार अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुंझुनूवाला के भाजपा में शामिल होने के चलते भीलवा?ा से उनको भी प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

अजमेर से भाजपा के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी बनाये गये भागीरथ चौधरी पिछले विधानसभा चुनाव में किशनग? सीट पर तीसरे स्थान पर रहे थे। मगर इसके बावजूद उनको प्रत्याशी बनाया गया है। भागीरथ चौधरी भी पहले वसुंधरा राजे के नजदीकी थे। मगर उन्होंने परिस्थितियों देखकर उनसे दूरी बना ली। इसी के चलते उनका प्रत्याशी बना दिया गया है।

राजस्थान भाजपा में अब पूरी तरह पीढ़ीगत बदलाव हो रहा हैं। एक तरफ जहां भजनलाल शर्मा जैसे आम कार्यकर्ता को वसुंधरा राजे पर तरहीज देते हुए मुख्यमंत्री बना दिया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव में भी सभी वसुंधरा समर्थकों के टिकट काटकर नए लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि राजस्थान की राजनीति में अब वसुंधरा राजे का प्रभाव समाप्त हो रहा है और नई पीढ़ी के नेता आगे आ रहे हैं।

**– रमेश सर्राफ धमोरा**
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

## व्यंग्य: कैसी पढ़ाई

मेरे पड़ोस में एक लड़का रहता था। उसकी पढ़ाई-लिखाई देखकर स्कूल वालों से पहले मैंने ही उसका रिजल्ट आउट कर दिया था। कहने का मतलब यह कि किताबों को देखकर वह ऐसे भागता जैसे चूहा बिल्ली को देखकर। मैंने कई बार उसके मुँह पर कह दिया कि तेरा कुछ नहीं हो सकता। लेकिन वह क्या है न कि कुछ मुहावरे पढ़ने भर से समझ नहीं आते। उसे अनुभव करना पड़ता है। मसलन दही का छांछ हो जाने का अर्थ मुझे तब समझ में आया जब गधे-घोड़ों को इंजिनियरी के सीटें ठेले के भाव पर मिलने लगीं। सो पड़ोसी लड़के को भी इंजिनियरी की सीट मिल गई। अब वह मेरे सामने से ऐसे गुजरता जैसे कोई बड़ा तीर मार लिया हो। यह सब देख मुझे तब समझ आया कि इस देश की शिक्षा व्यवस्था घोड़े को गधा और गधे को घोड़ा बनाने का पूरा माद्दा रखती है। अब हालात ऐसे हैं कि किसे कौन सी डिग्री मिल जाए यह ऊपर वाला भी नहीं बता सकता।



कुछ दिनों से वह लड़का मुझे दिखाई नहीं दिया। एक रात स्थानीय टीवी चैनल के समाचार में उसे पुलिस के हत्थे चढ़ते देखा। उसके अगल-बगल में दो-चार पुलिस वाले खड़े थे। इंस्पेक्टर साहब मीडिया के सामने उसकी रामायण कथा बांच रहे थे। उनके अनुसारङ्क आजकल कुछ इंजिनियरी के लड़के अपने कोर्स को छोड़कर बाकी सभी कोर्सों में अपना दमखम दिखा रहे हैं। मसलन चोरी करना, हाथापाई करना, लूटना, खून करना आदि-आदि। यह नवाबजादे उसी कौम के हैं। महाशय परीक्षा में नकल करने की कला में इतनी महारत हासिल कर चुके हैं कि बेखौफ इस चालबाजी की ऑनलाइन दुकान खोलकर रुपया बटोर रहे हैं। न जाने कैसे-कैसे पैंतरे अपनाकर नाक-कान-मुँह यहाँ तक कि बालों में माइक्रोफोन चिप छिपाकर परीक्षाओं में नकल के सहारे सफल होने के गुर सिखा रहे हैं।


हमारे देश में सब कुछ संभव है। कई व्यक्ति हैं जो इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक बनने को तो बन जाते हैं, लेकिन गुमनामी के अंधेरे में। ऐसे बंदे रोजगार से ज्यादा जुगाड़गार बनते हैं। जुगाड़ी में इनकी काबिलियत का कोई सानी नहीं होता। ये अपनी डिग्री को कागज और खुद को ऐसे कागजों का पुलिंदा समझते हैं। उजाले की पढ़ाई सही और अंधेरे की पढ़ाई काले कारनामों की ओर ले जाने के लिए होती हैं। पढ़ाई जब व्यवस्था के कपड़े पर दिखावे की कढ़ाई बन जाएँ तो उसे उतार फेंकना ही सही कदम होता है। अब पढ़ाई के माइक्रोस्कोप में नौकरी या फिर धोखाधड़ी के कीटाणु ही दिखाई देते हैं। आदर्श नागरिक कहलाने वाले जीवाणु केवल कथनी बनकर रह गए हैं। शिक्षा से अच्छा और अच्छे से सच्चा बनने की व्यवस्था में कुछ पुर्जे गलत बैठ जाएँ तो वे समाज के नाक में दम करके रख देते हैं। हमारी शिक्षा में जब तक अंक की होड़ है तब तक शिक्षार्थी अंक के पीछे ही दौड़ेगा। चूंकि सभी जानते हैं कि आदर्शों के पीछे दौड़ने से भूख, प्यास और जरूरतें पूरी नहीं होती। इसीलिए आदर्शों को गुमनामी की दीवार पर बहुत ऊपर टांग दिया गया है। दुर्भाग्य से पुलिस ऐसी खराब सोच वाले लोगों को तो पकड़ सकती है, लेकिन उनकी सोच को नहीं।

**– डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**
**( हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार )**


> *"कुछ दिनों से वह लड़का मुझे दिखाई नहीं दिया। एक रात स्थानीय टीवी चैनल के समाचार में उसे पुलिस के हत्थे चढ़ते देखा। उसके अगल-बगल में दो-चार पुलिस वाले खड़े थे। इंस्पेक्टर साहब मीडिया के सामने उसकी रामायण कथा बांच रहे थे।"*

## राशिफल


चैत्र कृष्ण : सप्तमी | ( विक्रम संवत् 2080 )




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
सर दर्द, नेत्र पीड़ा, खर्च की अधिकता और वो भी दवा,दारु में खर्च। प्रेम, संतान, व्यापार बहुत अच्छा नहीं दिख रहा है।



**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
आय प्रभावित दिख रही है। यात्रा में कष्ट। विवादास्पद समाचार की प्राप्ति। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा )**
कोर्ट-कचहरी से बचें। उच्चाधिकारियों के कोपभाजन के शिकार हो सकते हैं। व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
यात्रा अभी टाल के रखें। अपमानित होने का भय रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान ठीक है।




**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
वाहन धीरे चलाएं। कोई रिस्क न लें। स्वास्थ्य में ध्यान रखें। प्रेम, संतान लगभग ठीक है। व्यापार भी लगभग ठीक है।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
जीवनसाथी से कोई बड़ा विवाद संभव है, या उनके स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा। नौकरी-चाकरी में कोई रिस्क मत लीजिएगा।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
पैरों में चोट-चपेट लग सकती है। शत्रुओं का उत्पाद बना रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
मानसिक उलझन बनी रहेगी। बच्चों से तू-तू, मैं-मैं या बच्चों को लेकर मन परेशान रहेगा।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
घरेलू विवाद बढ़ सकते हैं। भूमि,भवन, वाहन की खरीदारी विवादास्पद स्थिति में आ सकती है।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
कंधे से लेकर गला तक की परेशानी दिख रही है। भाई-बहन के स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा। व्यापारिक विवाद संभव है।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। स्वास्थ्य में ध्यान दें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। प्रेम, संतान की स्थिति बहुत खराब दिख रही है।

# छात्रों को निः शुल्क पुस्तकें बांटी

**दादरी ( चेतना मंच )।** उम्मीद संस्था एवं भाकियू (अंबावता) संगठन ने दुजाना स्थित निशुल्क पुस्तक बैंक पर होनहार 10 बच्चों को विभिन्न कक्षाओं की निशुल्क पुस्तक वितरित कराई गई।

उम्मीद संस्था के संस्थापक एवं संयोजक डॉ देवेंद्र कुमार नागर ने बताया कि पिछले लगभग 10 वर्ष से निशुल्क पुस्तक बैंक जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निशुल्क पुस्तक वितरित करती है। पुस्तकों के अभाव में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाए। शिक्षा के बल पर सभी अपने सपनों को साकार कर पाए पुस्तक प्राप्त कर सभी बच्चों के चेहरे खिल गए।




बीकेयू, अंबावता संगठन के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपबास ने बताया कि निशुल्क पुस्तक बैंक अब तक 13190 बच्चों को निशुल्क पुस्तक उपलब्ध करा चुकी है। उम्मीद संस्था का सपना है कि क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा शिक्षित होकर अपने परिवार के सपनों को साकार करे।

इस मौके पर मास्टर ब्रह्म सिंह, फिरेराम नागर, मास्टर हुकम सिंह आर्य, लीलू आर्य, महाराज सिंह, किसान नेता राजकुमार रूपबास, डॉ देवेंद्र कुमार नागर, अरुण नागर, अंकित नागर, शुभम, वरुण आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक संरक्षण संस्थान ने मनाया होली मिलन समारोह हुआ

मिर्जापुर। वरिष्ठ नागरिक संरक्षण संस्थान का होली मिलन समारोह महंथ शिवाला स्थित अमृत सभागार में मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा थे। इस अवसर कवियों एवं शायरों ने अपनी विविध रंगों की रचनाओं से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।




कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सचिव लालव्रत सिंह सुगम, संयुक्त सचिव भूपेंद्र सिंह डंग, कोषाध्यक्ष अजय कुमार मेहरोत्रा, पूर्व कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश उपस्थित थे। मंचासीन अतिथियों के माँ विंध्यवासिनी के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संचालन केदारनाथ सविता ने किया।काव्य पाठ करते हुए राजेन्द्र तिवारी ने सुनाया– तूँ ही राम है, तूँ ही कृष्ण है, तूँ ही खुदा..। भोलानाथ कुशवाहा ने सुनाया– धूल उड़ रही है शहर में, मत निकलना दोपहर में। इला जायसवाल ने होली गीत सुनाया– अवध में होली खेले श्रीराम, वृज में होली खेले श्याम, एक तरफ दशरथ के नन्दन, एक तरफ घनश्याम। पूजा यादव ने सुनाया– मैं सोई थी युगों–युगों से, मैं खोई थी युगों–युगों से। श्याम अचल हास्य–व्यंग्य सुनाया – बुझि गयीनी बीमा क फायदा, मनई मरई के बड़ा फायदा। नंदिनी वर्मा ने सुनाया – ये कैसे किस्से आम हो गये हैं अब जमाने के, अपना खून है बेगाना बिना कोई बहाने के। सारिका चौरसिया ने सुनाया – भारत माँ की जय, भारत देश हमारा है। डॉ सुधा सिंह ने सुनाया – अगर इश्क करना है तो भरपूर कीजिए, बेपनाह मोहब्बत जरूर कीजिये, मगर किसी हसीना से नहीं, अपने वतन से कीजिए। काव्य गोष्ठी का संचालन कर रहे केदारनाथ सविता ने सुनाया– दो क्षण तुम्हारी साँसों की सुरभि में खो जाने को मैंने माँगे थे, तुम आचल समेट यों चल दिये मानों एक टुकड़ा रोशनी के लिए युग–युग के सब सूरज ही मैंने माँगे थे। हौसिला प्रसाद मिश्र ने सुनाया – आज आनन्द भये हैं द्वारे दशरथ के लाल आज खेलें होली। अमरनाथ सिंह ने होली गीत सुनाया। लालव्रत सिंह सुगम ने सुनाया – सुन रे पाजी पाकिस्तान जाग गया है हिंदुस्तान। रविन्द्र कुमार पांडेय ने सुनाया – मैं तो अपने मालिक से हर बार यही वर भागूँगा, तुम गोरी दो या काली दो, भगवान मुझे एक साली दो। गुमनाम मिर्जापुरी ने सुनाया – खिल जाते कंवल दिल के, मिला करते जब गले, पिचकारी की फुहार से, धुल जाते सब गिले।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों में सर्वश्री कमल प्रसाद अग्रवाल, सिद्धनाथ सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, उमेश चंद्र मालवीय, अनुज प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं भूपेंद्र सिंह डंग ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सबका आभार व्यक्त किया।



ग्रेटर नोएडा में जीएल बजाज कॉलेज में आज होने वाले भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन की तैयारी का जायजा लेते भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं लोकसभा के संयोजक प्रणीत भाटी। साथ में हैं भाजपा के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी एवं अन्य कार्यकर्ता।




श्रेया गुप्ता ने स्केटिंग में गोल्ड मेडल जीता। फोटो : चेतना मंच

# आत्महत्या के लिए उकसाने पर पति के खिलाफ मुकदमा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दहेज के लिए प्रताड़ित कर पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति के खिलाफ थाना फेस 2 में मुकदमा दर्ज कर गया है। पति की प्रताड़ना से त्रस्त होकर महिला ने बीते दिनों फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

ग्राम पड़ोलिया जनपद बदायूं निवासी सत्येंद्र ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बहन की शादी बबलू के साथ की थी। शादी के समय हैसियत अनुसार दान दहेज दिया गया था। लेकिन बबलू व उसकी मां इससे संतुष्ट नहीं थे। शादी को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित किया जाता था। बबलू तथा उसकी मां उसकी बहन पर मायके से कार लाने का दबाव डालते थे। पति की प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी बहन कुछ समय पूर्व जीवन यापन के लिए मजदूरी करने के लिए नोएडा आ गई। वह सेक्टर–86 स्थित इलाहाबास गांव में किराए पर रहने लगी। कुछ दिनों पूर्व बबलू भी नोएडा आ गया और उसकी बहन अर्चना पर घर वापस जाने का दबाब डालने लगा। उसके इनकार करने पर उसने नोएडा में भी उसके साथ मारपीट करने शुरू कर दी। पति की प्रताड़ना से परेशान होकर अर्चना ने बीते दिनों अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शराब ठेके के सेल्समैन की हत्या में अहम सुराग मिले

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** वेस्ट के न्यू हैबतपुर गांव में बदमाशों द्वारा शराब के ठेके के सेल्समैन की की गई हत्या के मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्दी इस घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शनिवार देर रात न्यू हैबतपुर गांव में अंग्रेजी शराब की दुकान के सेल्समैन हरिओम नागर को बाइक सवार तीन युवकों ने गोली मार दी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला था कि हरिओम नागर मूल रूप से अमरोहा के रहने वाले थे और न्यू हैबतपुर गांव में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन थे। शनिवार रात दुकान बंद करने के बाद वह अपने कमरे में जाकर सो गए थे।

रात्रि करीब 2:45 बजे के आसपास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनका दरवाजा खटखटा कर उनसे शराब की मांग की। हरिओम ने जब दरवाजा नहीं खोला तो युवकों ने गाली–गलौज कर फायरिंग कर दी।

हरिओम नागर ने जब दरवाजा खोला तो आरोपियों ने उनसे शराब की मांग की। हरिओम के इनकार करने पर युवकों ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से हरिओम घायल होकर गिर गए। इसके बाद युवक बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। शोर–शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने घायल हरिओम को अस्पताल पहुंचा है जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

एडीसीपी रितेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर बदमाशों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा कई संदिग्ध लोगों से भी थाना बिसरख पुलिस पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सड़क निर्माण में धांधली का आरोप लगाया ग्रामीणों ने



**नोएडा ( चेतना मंच )।** एक तरफ नोएडा प्राधिकरण के सीईओ विकास को लेकर जहां गंभीर हैं। वहीं उनके मातहत अधिकारी विकास के नाम पर लूट मचा रखी है। बताया गया है कि गांव शाहदरा में गांव के विकास को लेकर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण में स्थानीय ठेकेदार एवं जेई की मिली भगत से मानक के अनुरूप काम नहीं हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब के बगल में बनने वाली सड़क में घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग हो रहा है। वहीं शिवर को भी सड़क के नीचे दबा दिया गया जिससे बरसात के समय पानी ओवरफ्लो होने पर लोगों के घरों में चला जाएगा।

मामले को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। शाहदरा में हो रहे सड़क निर्माण में की जा रही धांधली को लेकर ग्रामीण नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मिलकर जेई एवं स्थानीय ठेकेदार की शिकायत करेंगे।शासन से आवंटित पैसों का बंदरबांट करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार मलाई उड़कर सरकार को बदनाम करने का काम कर रहे हैं।

# स्वामी दयानंद ने अज्ञान के खिलाफ युद्ध शुरू किया था जिसे जारी रखना होगा : डा जयेन्द्र आचार्य

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** आर्य समाज लाजपतनगर का 35वां त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। महायज्ञ वैदिक विद्वान डा विष्णु दत्त के ब्रह्मत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने यज्ञ महिमा एवं वेद महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि पंच महायज्ञ एवं वेद मार्ग पर चलने से ही मानव कल्याण सम्भव होगा। मुख्य यज्ञमान श्रीमती पूनम एवं डा विजेंद्र महैदीयान रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि डा वीके सिंह (मंत्री, भारत सरकार) ने यज्ञ में आहुतियां प्रदान की ओर आयोजकों का सुंदर आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा मानना है इस यज्ञ (परोपकार) के कार्य को जितना आगे बढ़ाएंगे उतना समाज का भला होगा।हमने अभी विश्व के कल्याण की,अपने कल्याण की,निरोगी रहने की प्रार्थना की है।यही भाव मन में रखियेगा ताकि आप जहां जाएं आपकी आभा से आपके विचारों से लोग अच्छे बने,समाज अच्छा बने,देश अच्छा बने।

बिजनौर से पधारे सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक पं. कुलदीप आर्य एवं साथी कलाकारों ने ईश्वर भक्ति एवं राष्ट्रभक्ति गीतों से समाबांध दिया जिसे सुनकर श्रोता झूम उठे।

राष्ट्र में आर्य समाज की भूमिका विषय का सत्र श्रद्धानंद शर्मा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। वेद वक्ता सूचिषद् मुनि ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र में आर्य समाज की भूमिका शुरू से रही है।राष्ट्र के पुरोहित हम बनें और राष्ट्र रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें प्रत्येक नागरिक राष्ट्र रक्षा के काम में लगे तब कहीं राष्ट्र की रक्षा होगी चारों वर्ण ब्राह्मण,क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। चारों को अपने शरीर में घटाया और बताया कि मुख् मंडल ब्राह्मण,बाजू क्षत्रिय, उदर वैश्य और पैर शूद्र यदि पैर ना हों तो तीनों नहीं ठहर सकते हैं शूद्र अछूत नहीं है ऋषि दयानंद इन्हें ऊंचा उठाया और आर्य समाज को आदेश दिया कि इन्हें हेयदृष्टि से मत देखना वेद ने मनुष्य को चार भागों में बांटा है।ब्राह्मण सही दिशा ना देगा तो लोग भटक जाएंगे क्षत्रिय रक्षा ना करें तो लोग लड़ लड़ के मर जाएंगे राष्ट्र की रक्षा चारों मिलकर करें।जनता को राष्ट्र कहते हैं सभी को साथ लेकर चलना है हम अपने लिए ना जिएं अपितु सब के कल्याण के लिए जिएं।

वैदिक विद्वान डा जयेन्द्र आचार्य (कुलपति आर्ष गुरुकुल नोएडा) ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने इतिहास में विभिन्न युद्ध पढ़े हैं लेकिन स्वामी दयानंद ने पहली बार अज्ञान के खिलाफ अंतहीन युद्ध शुरू किया था। उन्होंने कहा इंसान का सबसे बड़ा शत्रु अज्ञान है,अविद्या है,इसलिए अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए। स्वामी दयानंद चाहते थे दुनियां में वेद का पठन–पाठन हो, शास्त्र के बिना तर्क खोखला होता है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**15 तक तिहाड़ जेल में ....**

, और एक अप्रैल तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी की ओर से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और जांच को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विजय नय्यर ने मुझे कभी रिपोर्ट नहीं किया। लेकिन वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। केजरीवाल पक्ष के वकील ने जेल में कुछ दवाईयां उपलब्ध करवाने के लिए कहा है। साथ ही, तीन किताब की मांग की है, रामायण, हाउ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड बाय जर्नलिस्ट नीरज चौधरी, महाभारत। केजरीवाल के वकील ने स्पेशल डाइट की मांग की है। अरविंद केजरीवाल ने अपना लॉकेट, और टेबल चेयर भी मांगी है।

एएसजी राजू ने आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे है। राजू ने कहा केजरीवाल सवालों के सीधे जवाब नहीं दे रहे है। अदालत को ये सब बताने का मकसद है कि ईडी आगे भी केजरीवाल की हिरासत की मांग कर सकते है। राजू ने कहा केजरीवाल सवालों के सीधे जवाब नहीं दे रहे है। अदालत को ये सब बताने का मकसद है कि ईडी आगे भी केजरीवाल की हिरासत की मांग कर सकते है।

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची। थोड़ी ही देर में केजरीवाल को स्पेशल जज कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया जाएगा। आज केजरीवाल की 4 दिन की रिमांड अवधि पूरी हो रही है। केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट परिसर में पेशी पर आने के दौरान कहा कि जो पीएम कर रहे है। वह देश की लिए सही नहीं है।

**कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर....**

अध्यक्ष बनाया है। वहीं युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तथा दादरी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके दीपक भाटी चोटीवाला को जिलाध्यक्ष बनाया है। इस निर्णय से चुनाव में लगे कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश तथा मायूसी है। उन्होंने हाईकमान से मांग की है कि अध्यक्षों के बदलाव का निर्णय चुनाव बाद लागू हो।

**प्लॉट का फर्जी एग्रीमेंट...**

इस बारे में जब वे उनके सेक्टर दो स्थित कार्यालय में पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज मारपीट की। आरोपियों ने धमकी दी कि वह अपने पैसे भूल जाए नहीं तो उसकी हत्या कर दी जाएगी और बच्चे को किडनैप कर लिया जाएगा।

आरोपियों ने उसे झूठे केस में भी फंसाने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने योगेश शर्मा चेतन शर्मा भगवती प्रसाद शर्मा व मालती शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**ब्रेजा कार की टक्कर में....**

इसके बाद में अपनी पत्नी व बच्चों को गाजियाबाद के मणिपाल अस्पताल लेकर पहुंचा यहां उपचार के दौरान उसके दो वर्षीय बेटे आरिज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**प्राधिकरण की टीम पर....**

इससे प्राधिकरण के टीम में अन्य व्यक्ति बाल बाल बचे। इसके बाद कुलदीप तथा उसके साथी भारत अरविंद आदेश लोकेंद्र रोहित भाटी आदि ने प्राधिकरण में पुलिस की टीम के साथ अभद्रता करके सरकारी कार्य में बाधा डाली। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राधिकरण अधिकारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

**पुलिया पर मिला....**

बताया जा रहा है कि मृतक बुजुर्ग छत्तीसगढ के बिलासपुर जिले के चिरापरा गांव का रहने वाला है। जांच में सामने आया है कि मृतक बुजुर्ग ग्रेटर नोएडा के ग्राम कोंडली में अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहा था। मृतक बुजुर्ग यहां रहकर मजदूरी का कार्य करता था।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का मुआयना किया। फिलहाल पुलिस बुजुर्ग की हत्या के कारणों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

मामले की जानकारी देते हुए थाना नॉलेज पार्क के थाना प्रभारी विपिन कुमार राय ने बताया कि फिलहाल इस मामले को लेकर एक टीम का गठन किया गया है। जल्द ही इस घटना का खुलासा करने की बात थाना प्रभारी ने कही है।

**गैंगस्टर में वांछित शातिर....**

घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए इनामी बदमाश पर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में लूट और चोरी सहित 26 मुकदमे दर्ज हैं।

मामले की जानकारी देते हुए एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि एक सूचना पर सेक्टर 39 कोतवाली पुलिस सेक्टर–46 रेड लाइट के चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया गया परन्तु वह नहीं रुका। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर मोटरसाइकिल सवार बदमाश अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में मोटरसाइकिल सवार बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

एडिशनल डीसीपी डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि घायल बदमाश का नाम राजेश कश्यप उर्फ भेडा है। जो नोएडा के थाना सेक्टर–39 के गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। उन्होने बताया कि राजेश कश्यप उर्फ भेडा पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित बदमाश है। बदमाश राजेश के विरुद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में लूट और चोरी आदि के 26 मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बाताया कि बदमाश राजेश के पास से एक अपाचे बाइक सहित एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए है।

**चार स्थानों पर ....**

ऑफिस चलाने वाले कृष्णा गौतम ने नगदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गाजियाबाद निवासी कृष्णा गौतम ने बताया कि 30 जनवरी की सुबह वह अपना ऑफिस खोलने के लिए आया था। इस दौरान उसे ऑफिस के शटर की पट्टी कटी हुई मिली। ऑफिस की जांच करने पर पता चला कि ऑफिस का लॉकर गायब है। लॉकर में 98877 रुपए रखे हुए थे जिस अलमारी में लॉकर रखा हुआ था वह भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी चोर ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे का द्वार भी अपने साथ ले गए पीड़ित ने थाना बिसरख में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कैलाशपुर गाजियाबाद निवासी अविनाश कुमार त्यागी ने थाना सेक्टर 58 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर 60 स्थित अपने कार्यालय से घर जा रहा था। रास्ते में वह जेएसएस कॉलेज के पीनी का पानी लाने के लिए रुका। अपने कार को लॉक करवाया दुकान पर पानी लेने चला गया। कुछ देर बाद जब वापस लौटा तो उसके कार का शीशा टूटा हुआ था। कार से लैपटॉप, चार्जर गाड़ी के कागजात आदि को चोरी कर ले गए थे। थाना सेक्टर–24 क्षेत्र के सेक्टर–22 डी ब्लॉक में रहने वाले आकाश श्रीवास्तव के घर से चोरों ने लैपटॉप चार्जर और हैंडसेट चोरी कर लिया। घटना के समय जाकर श्रीवास्तव अपने कमरे में सोए हुए थे। चोरी करने के बाद चोर बाहर से उनके कमरे के दरवाजे की कुंडी लगाकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# 'चाइनीज माल वाली गारंटी' है 'मोदी की गारंटी' : तेजस्वी यादव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को केंद्र सरकार पर 'अघोषित आपातकाल'' लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' 'चाइनीज माल' वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में 1990 के दशक की फिल्म 'साजन चले ससुराल' के गाने 'तुम तो धोखेबाज हो..' का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा।

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा, 'तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे..।' तेजस्वी यादव ने कहा, 'रैली में जुटी भीड़ से पता चलता है कि मोदी जी जिस तरह से आंधी की तरह आए थे, उसी तरह तूफान की तरह चले जाएंगेज्हम जहां जा रहे हैं, जनता का साथ मिल रहा हैज्हम लोकतंत्र, संविधान और भाईचारे को बचाने के लिए एकत्र हुए हैं।'

उन्होंने कहा, 'देश को बांटा जा रहा है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है। इसलिए हम आपकी लड़ाई लड़ रहे हैं।' यादव ने कहा, 'लोग 400 पार का नारा लगाते हैं, वे कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन जनता मालिक है और जनता को तय करना है कि कौन शासन करेगा।' उन्होंने दावा किया कि '400 पार' का नारा ऐसे लगाया जा रहा है कि जैसे ईवीएम में पहले ही 'सेटिंग' हो चुकी है।

राजद नेता ने आरोप लगाया, 'देश में अघोषित आपातकाल लागू हो चुका है। सत्ता में बैठे लोग तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना रहे हैं, घमंडी हो गए हैंज्देश में सबसे बड़ी दुश्मन बेरोजगारी और महंगाई है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, 'मोदी जी प्रियंका चोपड़ा से मिलेंगे, किसानों से नहीं मिलेंगे। मोदी जी अब बिल गेट्स को बुलाकर साक्षात्कार दे रहे हैं।'

यादव ने कहा, 'हम लोग डरने वाले नहीं हैं। पिंजरे में शेर को कैद किया जाता है.. कंस के राज में जब तकलीफ होती थी तो लोगों को जेल में डाल दिया जाता था।' उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'ये लोग यूरिया को चीनी बना देते हैं, गोबर को हलवा बना देते हैं और आंख फोड़कर चश्मा देते हैं।'

तेजस्वी यादव ने दावा किया, 'मोदी जी की गारंटी 'चाइनीज माल' वाली गारंटी है। जब तक चुनाव है तभी तक यह गारंटी है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग 'नागपुरिया कानून' और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एजेंडे को लागू करना चाहते हैं।

## झील में डूबने से दो किशोरियों सहित चार महिलाओं की मौत

चेन्नई । तमिलनाडु के वेल्लोर के गुडियाथम शहर के पास वेप्पुर गांव में एक दुखद घटना में एक झील में डूबकर दो किशोरियों सहित चार महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जब यह हादसा हुआ तब मृतक झील में नहाने गए थे। मृतकों की पहचान एस.सरोजा (45) और उनकी बेटी एस.ललिता (22) तथा वाई. काव्या (18) और उसकी छोटी बहन वाई. प्रीति (17) के रूप में की गई। काव्या और प्रीति अपनी मां वाई लावण्या (45) के साथ वेप्पुर गाव के मुनिश्वरन मंदिर में दर्शन के लिए गई थीं। पूजा करने के बाद उन्होंने पीछे की तरफ स्थित झील में स्नान करने का फैसला किया। लावण्या दूर रही क्योंकि वह अपने रिश्तेदार के बच्चे को गोद में लिए हुए थी, अन्य चार महिलाएं, जो तैरना नहीं जानती थी, नहाने के लिए झील में उतर गई। परेशानी को भांपते हुए, लावण्या मदद के लिए चिल्लाई और लोग उन्हें बचाने के लिए मौके पर पहुंचे। लेकिन काफी कोशिश के बाद भी चार को बचाया नहीं जा सका।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र में हरिद्वार हाईवे पर एक सड़क हादसे में देहरादून निवासी एक ही परिवार की तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौके मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसा वाहन चालक को झपकी लग जाने की वज़ह से अनियंत्रित स्कार्पियो के सड़क किनारे खड़े पोल से टकरा जाने से रेलवे फाटक के समीप हरिद्वार हाईवे पर लगभग चार बजे हुआ। हादसे के वक्त कार की रफ़्तार तेज है। जिससे कार में सवार सभी छह लोगों में से चार की मौके पर मौत हो गई। हादसे के वक्त कार चला रहे अतुल रस्तोगी तथा उनकी छोटी बहन मानवी रस्तोगी सहित दो को गंभीर अवस्था में जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अतुल रस्तोगी (25) रात में लगभग दो बजे देहरादून से अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ स्कार्पियो में सवार होकर मुरादाबाद में मुग़लपुरा में रिश्तेदारी के लिए निकले थे। वाहन को अतुल रस्तोगी खुद चला रहे थे जबकि उनके साथ मां आरती रस्तोगी (45) पत्नी स्व. दिलीप रस्तोगी सहित यश रस्तोगी (22) अशिका रस्तोगी (18) व मानवी रस्तोगी (20) तथा संगीता रस्तोगी (35) सवार थीं। मृतकों में आरती रस्तोगी,यश रस्तोगी,अशिका रस्तोगी तथा संगीता रस्तोगी शामिल हैं जबकि अतुल रस्तोगी और मानवी रस्तोगी को घायलावस्था में जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

## अवैध कर्ज देने वाले ऐप पर रोक लगाने के लिए डिजिटल इंडिया ट्रस्ट के गठन पर विचार

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और अवैध कर्ज देने वाले ऐप पर रोक लगाने के लिए डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी (डीआईजीआईटीए) के गठन पर विचार कर रहा है। गौरतलब है कि देश में अवैध ऋण देने वाले ऐप तेजी से बढ़ रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित एजेंसी डिजिटल ऋण देने वाले ऐप का सत्यापन करेगी और सत्यापित ऐप का एक सार्वजनिक रजिस्टर बनाएगी। सूत्रों ने कहा कि जिन ऐप पर डीआईजीआईटीए के सत्यापन का निशान नहीं होगा, उन्हें अनधिकृत माना जाना चाहिए। इससे डिजिटल क्षेत्र में वित्तीय अपराधों के खिलाफ लड़ाई में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीआईजीआईटीए को डिजिटल ऋण देने वाले ऐप की जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस सत्यापन प्रक्रिया से डिजिटल ऋण क्षेत्र के भीतर अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही पैदा करने में मदद करेगी। इस बीच रिजर्व बैंक ने आईटी मंत्रालय के साथ 442 डिजिटल ऋण देने वाले ऐप की एक सूची साझा की है, ताकि उन्हें गूगल पर प्रतिबंधित किया जा सके। गूगल ने सितंबर 2022 से अगस्त 2023 तक अपने ऐप स्टोर से 2,200 से अधिक डिजिटल तरीके से कर्ज देने वाले ऐप को हटाया है।

## आंध्र प्रदेश : कांग्रेस ने 'नौ गारंटी' की घोषणा की

अमरावती। कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 'नौ गारंटी' की घोषणा करते हुए कहा है कि यदि वह 13 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सत्ता में आती है तो वह वंचित तबके की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देगी और दो लाख रुपये का कृषि ऋण माफ करेगी। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) प्रमुख वाई एस शर्मिला ने आगामी चुनावों के लिए शनिवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र की सत्ता में आती है, तो वह अपनी पहली गारंटी के रूप में आंध्र प्रदेश को 10 साल के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा देगी। उन्होंने कहा, 'बहुत विचार-मंथन के बाद कांग्रेस पार्टी उत्कृष्ट गारंटी लेकर आई है। हर गरीब परिवारों को लगभग 8,500 रुपये मासिक यानी एक लाख रुपये सालाना देंगे। यह राशि महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को दी जाएगी। यह पार्टी की दूसरी गारंटी होगी।' न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों को अतिरिक्त 50 प्रतिशत, रोजगार गारंटी योजना के तहत न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करना, बालवाड़ी से स्नातोकतर तक मुफ्त शिक्षा देना पार्टी द्वारा दी गई कुछ गारंटी हैं। कांग्रेस ने प्रत्येक गरीब बेघर परिवार को पांच-पांच लाख रुपये का मकान आवंटित करने, लाभार्थियों को चार-चार हजार रुपये की मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने और दिव्यांगजन को छह-छह हजार रुपये देने का भी वादा किया।

## कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के रिश्तेदार की हत्या के तीन दोषियों को उम्र कैद

मथुरा (उप्र)। मथुरा की एक अदालत ने उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के छोटे भाई एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य लेखराज चौधरी के समधी की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है और उन पर जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष के वकील अशोक कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि 18 जनवरी 2018 की शाम को दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौताना मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने छाता क्षेत्र के गौहारी गांव के पूर्व प्रधान सरमन सिंह (63) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सरमन सिंह प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण के छोटे भाई एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य लेखराज चौधरी के समधी थे। सिंह ने बताया कि अदालत में पेश किए गए आरोप पत्र में जेल में निरुद्ध पलवल के कैलाश नगर निवासी कर्मवीर सिंह को मुख्य साजिशकर्ता बताते हुए सतीराम, मनोज, अशोक, राधाचरण, धर्मवीर और प्रदीप समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस जांच में पता चला कि कर्मवीर ने यह हत्या पुरानी चुनावी रंजिश के चलते सुपारी देकर कराई थी। मथुरा जिला कारागार से पेशी के लिए लाए गए कर्मवीर पर छाता तहसील कार्यालय के बाहर जानलेवा हमला हुआ था और जयपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सिंह ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (अष्टम) नितिन पाण्डेय ने सतीराम, प्रदीप और धर्मवीर को हत्या का दोषी पाते हुए शनिवार को उन्हें उम्रकैद और पांच-पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनायी। इसके अलावा राधाचरण, अशोक और मनोज को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया।

## दिल्ली में अहिंसा रन 2.0 में हज़ारों लोगों ने लिया हिस्सा, मिलिंद सोमन ने दिया फिट रहने का संदेश

नई दिल्ली। दिल्ली में आज रविवार को अहिंसा दौड़ का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध अभिनेता मिलिंद सोमन और अभिनेत्री मंदिरा बेदी ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने दौड़ लगाई। इस दौरान मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी ने लोगों को फिट रहने का संदेश देते हुए मोदी सरकार के फिट इंडिया मुहिम की तारीफ की। मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी ने झंडी दिखाकर अहिंसा दौड़ को रवाना किया। खुद मिलिंद सोमन ने दौड़ में हिस्सा लिया। अहिंसा रन दौड़ में चार श्रेणी है -- 5 किलोमीटर, 3 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर। बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग लोगों के लिए एक विशेष दौड़ श्रेणी है। इस मौके पर मिलिंद सोमन ने कहा कि कुछ समय खुद के लिए निकलना बहुत जरूरी है। आप योग कर सकते हैं, कुछ भी कर सकते हैं, लोग करते नहीं हैं। ज़िन्दगी का मजा लेने के लिए फिट होना जरूरी है। मंदिर बेदी ने कहा कि इस दौड़ में हिस्सा लेकर आप एक बड़े कॉज को सपोर्ट कर रहे हैं। संडे के दिन जब ऐसा जमावड़ा दिखाई देता है तो बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपनी सेहत का ख्याल खुद नहीं रखेंगे तो कौन रखेगा।

## दक्षिण भारत पहुंचाएगा भाजपा को 370 के आंकड़े के पार : गडकरी

नागपुर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 370 सीट का लक्ष्य हासिल करने को लेकर पूरा भरोसा जताकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की मौजूदा 288 सीट में अतिरिक्त सीट दक्षिण भारत से जुड़ेंगी। एक साक्षात्कार में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि उनके मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 सीट के आंकड़े को पार करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए ठोस कार्यों के कारण मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने वाले हैं। उन्होंने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि मोदी सरकार विपक्ष को कमजोर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रतिद्वंद्वियों को लोगों का विश्वास जीतकर विपरीत परिस्थितियों से उबरने का प्रयास करना चाहिए।गडकरी ने कहा, क्या विपक्ष को कमजोर या मजबूत बनाना हमारी जिम्मेदारी है? जब हमारे पास सिर्फ दो सांसद थे और हम कमजोर थे, तब हमें सहानुभूति के तौर पर कभी कोई पैकेज नहीं मिला। गडकरी ने नागपुर में बड़े रोड शो के द्वारा अपना प्रचार अभियान शुरू किया। उनकी गाड़ियों का काफिला लोगों के हुजूम में रेंग रहा था और लोग 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बावजूद गडकरी का स्वागत करने के लिए खड़े थे। यह कार्यक्रम दो घंटे का था, लेकिन यह चार घंटे में खत्म हुआ, क्योंकि समर्थकों ने उनके साथ गुलाल लगाए, जिससे वह पूरी तरह सराबोर हो गये और जहां कहीं भी वह रुके, लोगों ने उन्हें कुछ न कुछ खाने की पेशकश की।



# बेरोजगारी की सच्चाई छिपाने के लिए सरकार कर रही है आंकड़ों की बाजीगरी, जयराम रमेश ने भाजपा पर लगाए आरोप




**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार बेरोजगारी की सच्चाई को छिपाने के लिए आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी दावा किया कि आज बेरोजगारी दर पिछले चार दशकों में सबसे अधिक है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हाल ही में एक केंद्रीय मंत्री ने आईएलओ (अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन) की रोजगार रिपोर्ट को भारत की गुलाम मानसिकता का लक्षण बताया। इसके बजाय, उन्होंने ईपीएफओ, ईएसआई और राष्ट्रीय पेंशन योजना के डेटाबेस के आधार पर वित्त वर्ष 2020 और वित्त वर्ष 2023 के बीच 5.2 करोड़ नई औपचारिक नौकरियों का बेतुका दावा किया।''

उन्होंने कहा, ''जैसा कि कई अर्थशास्त्रियों ने साबित किया है, वित्त वर्ष 2020-23 के बीच कुल रोजगार सृजन ज्यादा से ज्यादा 2.27 करोड़ हुआ है। तीन वर्षों में ये 2.27 करोड़ नौकरियां भी मोदी सरकार के प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने के वादे से कोसों दूर है। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि यह 2.27 करोड़ का आंकड़ा भी वास्तविकता से अधिक है।'' कांग्रेस महासचिव के अनुसार, 2020 के उच्चतम न्यायालय के फ़ैसले के अनुसार ईपीएफओ को 20 से अधिक लोगों को रोज़गार देने वाले किसी भी प्रतिष्ठान में संविदा कर्मियों को शामिल करना आवश्यक है। रमेश ने दावा किया कि ईपीएफओ में वृद्धि का एक कारण अब इसके लिए आसान पंजीकरण भी है।

उनका कहना है, ''बीस या अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठान ईपीएफ अधिनियम के दायरे में आते हैं। जो कंपनियां एक वर्ष में 19 से 20 कर्मचारियों को स्थानांतरित करती हैं, वे अचानक ईपीएफओ डेटा में 20 नई नौकरियों के रूप में दिखाई देंगी, भले ही नई नौकरी में सिर्फ़ एक ही इज़ाफ़ा हुआ हो।'' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, ''बेरोज़गारी की सच्चाई को छिपाने के लिए वे आंकड़ों के साथ चाहे जितनी बाज़ीगरी करें, सच्चाई तो यही है कि आज बेरोज़गारी दर पिछले चार दशकों में सबसे अधिक है।

## लोकसभा चुनाव-मतदाता की नब्ज टटोलने शाह राजस्थान के दौरे पर



**जयपुर (एजेंसी)।** मतदाता का मन टटोलने में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कोई मुकाबला नहीं है। शायद यही कारण है कि उनकी अधिकांश रणनीति सफल हो जाती है। अब शाह रविवार को राजस्थान पहुंच गए और सोमवार तक यहीं रहेंगे। भाजपा के 'मिशन 25' को अमली जामा पहनाने के लिए शाह आज दो दिवसीय दौरे पर राजस्थान आएंगे। वे दोपहर में जयपुर पहुंचेंगे। उसके बाद वे जयपुर, सीकर और जोधपुर में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अमित शाह के दौरे को देखते हुए पार्टी में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। वहीं पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। बता दे कि 2 अप्रेल को पीएम नरेन्द्र मोदी की कोटपुतली में रैली प्रस्तावित है। जानकारी के अनुसार शाह 2.15 बजे पार्टी के कोर ग्रुप की बैठक लेंगे। उसके बाद दोपहर 3.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट से सीकर के लिए रवाना होंगे। वहां सीकर हैलीपेड पर उतरेंगे। उसके बाद सीकर में शाह का शाम 4.30 से 5.30 बजे तक रोड शो होगा। यह रोड शो रामलीला मैदान से जाटिया बाजार तक होगा। शाह शाम 5.45 बजे सीकर से जयपुर के लिए रवाना होंगे। वे शाम को 6.40 बजे वापस जयपुर पहुंचेंगे। यहां शाम 7 बजे प्रबुद्धजन के साथ शाह की बैठक होगी। रात 8 बजे सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद होगा। शाह रात्रि विश्राम के बाद 1 अप्रेल को जयपुर से जोधपुर जायेंगे। वे सोमवार को सुबह 10.30 बजे जयपुर से रवाना होकर 11.15 बजे जोधपुर पहुंचेंगे। वहां दोपहर 11.30 बजे जोधपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। जोधपुर में यह बैठक अमृतम पैलेस में होगी। दोपहर 12.35 से 2 बजे तक वे पार्टी के अन्य सम्मेलन में रहेंगे। उसके बाद दोपहर 3 बजे शाह जोधपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होना है। राजस्थान में 12 सीटों के लिए वोटिंग 19 अप्रेल और शेष 13 सीटों के लिए 26 अप्रेल को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण के लिए नामाकन का दौर चल रहा है।

## आचार संहिता की वजह से नहीं हुआ पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर देशभर में चुनाव आयोग की तरफ से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू कर दी गई है। जिसकी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का रविवार को प्रसारण नहीं हुआ। दरअसल, पिछले 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने इस बात का जिक्र भी किया था। बता दें कि 'मन की बात' प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश की उपलब्धियों को समर्पित एक मासिक रेडियो कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित किया जाता है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) जो चुनाव के समय राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए दिशा-निर्देश है, जिसका पालन सभी को करना होता है। अब जबकि देश में आम चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल से शुरू होगा। यह लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक सात चरणों में आयोजित किया जाएगा। ऐसे में आदर्श आचार संहिता के लागू होने की वजह से इस कार्यक्रम के प्रसारण पर विराम लगाया गया है।

## भाजपा को 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं : ममता बनर्जी



**कृष्णानगर (बंगाल) (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य का मखौल उड़ाया तथा उसे 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती दी। ममता ने कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को इस राज्य में लागू होने नहीं देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए आवेदन न करने का अनुरोध किया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कहा, 'भाजपा कह रही है '400 पार', मैं उन्हें पहले 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 200 से अधिक सीट लाने का आह्वान किया था, लेकिन उसे महज 77 पर रुकना पड़ा।' उन्होंने इस महीने की शुरुआत में लगी चोट के बाद पहली रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का जाल है। हम पश्चिम बंगाल में न तो सीएए और न ही राष्ट्रीय नागरिक पंजी लागू होने देंगे।' ममता ने पश्चिम बंगाल में 'भाजपा से हाथ मिलाने' के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों - मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने टीएमसी प्रत्याशी महुआ मोइत्रा के समर्थन में कृष्णानगर में एक चुनावी रैली में कहा, 'पश्चिम बंगाल में कोई 'इंडिया' गठबंधन नहीं है। माकपा और कांग्रेस बंगाल में भाजपा के लिए काम कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारी सांसद महुआ मोइत्रा को बदनाम किया गया और उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया, क्योंकि वह भाजपा के खिलाफ मुखर थीं।'

# चुनौतियों में फंसी कंगना की डगर नहीं है आसान, अपने ही दे रहे हैं चुनौती



**शिमला (एजेंसी)।** भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को मंडी लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। कंगना अपनी जीत के लिए भारी मशक्कत कर रहीं हैं। लेकिन उनके विरोधी दल उनकी राह रोकने के लिए चुनौतियां खड़ी कर रहे हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के असंतुष्टों और पूर्व शाही परिवार के प्रभाव के कारण कंगना रनौत की राह मुश्किलों से भरी हो सकती है।हिमाचल बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष, तीन बार सांसद रह चुके कुल्लू के पूर्व शाही परिवार के वंशज महेश्वर सिंह ने पार्टी आलाकमान से रनौत को टिकट देने संबंधी फैसले की समीक्षा करने को कहा है। वहीं, भाजपा के जिन असंतुष्टें ने 2022 के विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, उन्होंने रणनीति तैयार करने के लिए एक बैठक की है।

कंगना रनौत ने शुक्रवार को एक रोड शो और रैली के साथ अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया तो बीजेपी नेता महेश्वर सिंह ने पार्टी आलाकमान से रनौत को टिकट देने संबंधी फैसले की समीक्षा करने का आग्रह करते हुए कहा कि पार्टी में रनौत का 'कोई योगदान नहीं है' और दावा किया कि उन्हें (सिंह को) टिकट देने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा, भाजपा आलाकमान से अपने फैसले की समीक्षा करने पर बातचीत चल रही है। मुझे पहले टिकट देने का वादा किया गया था। कंगना की उम्मीदवारी की घोषणा के बाद महेश्वर सिंह के बेटे हितेश्वर सिंह, भाजपा के पूर्व महासचिव राम सिंह और अन्नी के पूर्व विधायक किशोरी लाल - तीनों जिन्होंने भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद 2022 का विधानसभा चुनाव निर्दलीय के रूप में लड़ा था - ने अन्य असंतुष्ट भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और मंडी सीट से मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह पहले ही पार्टी टिकट की दौड़ से बाहर हो गई हैं। उन्होंने कहा था कि जमीनी हालात हमारे अनुकूल नहीं है और कार्यकर्ता निराश हैं। हालांकि कंगना को भाजपा उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद उन्होंने अपना रुख बदल दिया है और कहा है कि वह कांग्रेस के निर्देशों का पालन करेंगी।

रनौत के लिए राहत की बात यह है कि कारगिल युद्ध के नायक एवं भाजपा नेता खुशाल ठाकुर ने उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया है। उन्होंने शनिवार को कहा, 'मैं कंगना का समर्थन कर रहा हूं। इस संसदीय क्षेत्र में एक लाख से अधिक पूर्व सैनिक हैं।'रनौत ने शुक्रवार को अपनी पहली चुनावी सभा को संबोधित करते हुए खुद को मंडी के लोगों की ''बेटी और बहन'' बताया था। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश से आने के कारण उन्हें लगातार धमकाया जाता है। उन्होंने कहा, मैंने अपने गांव में एक छोटा देवी मंदिर बनवाया है और मनाली में एक घर बनाया है। मैंने अपने लिए एक जगह बनाने के लिए संघर्ष किया और कड़ी मेहनत की। उन्होंने प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य सिंह पर परोक्ष हमला करते हुए कहा, ऐसा नहीं है कि मेरे पिता या पति मुख्यमंत्री हैं और मैं राजनीति में आ गई हूं। बता दें कि मंडी संसदीय क्षेत्र में 17 विधानसभा सीट शामिल हैं, इनमें से आठ अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र में पूर्व शाही परिवारों का अच्छा-खासा दबदबा रहा है और इनके वंशजों ने इस सीट के लिए हुए दो उपचुनावों सहित 19 चुनावों में से 13 में जीत हासिल की है।

# एआई सुलझा रहा डाक्टरों की उलझनें, जटिल रोगों की हो रही पहचान

**– मरीजों को घर बैठे मिल रहा परामर्श, अब रिपोर्ट भी मिल रही जल्द**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कई स्तरों पर डॉक्टरों की उलझनों को सुलझा रहा है। इस तकनीक के इस्तेमाल से रोग की तह तक जाने में लगने वाला समय कम हो गया है। साथ ही दूरदराज के मरीजों को चिकित्सीय परामर्श देने में भी सहूलियत मिली है। इस दौरान जटिल रोगों की समय पर पहचान कर पाना आसान हो गया है। एआई की मदद से जहां के तरफ घंटों की जांच रिपोर्ट कुछ समय में मिल रही है। वहीं चिकित्सक कहीं भी बैठे-बैठे मरीज को परामर्श दे रहे हैं।

विशेषज्ञों की माने तो एआई लाखों रिपोर्ट के आधार पर एक एल्गोरिथम तैयार करता है। उसी के आधार पर वह रिपोर्ट का मूल्यांकन कर अपना सुझाव देता है। डॉक्टर अपने अनुभव व कौशल से एआई आधारित रिपोर्ट को समझ सकते हैं। डॉक्टर को लगता है कि इसमें कुछ और सुधार की जरूरत है तो वह अपना सुझाव व रिपोर्ट का डाटा एआई को भेजा है। इसके आधार पर एआई उपकरण को अपग्रेड किया जा सकता है। एआई उपकरण से डॉक्टरों का समय बच रहा है। इससे उन लोगों को भी परामर्श मिल रहा है जो पहले इंतजार में थे।

एम्स के न्यूरोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. मंजरी त्रिपाठी का कहना है एआई आधारित उपकरण से मस्तिष्क विकार के पहचान आसान हो गया है। इनके पहचान उपकरण को हजारों रिपोर्ट का डाटा दिया गया है। इन सभी रिपोर्ट का एक आधार बनाया गया। इसी आधार पर एआई उपकरण मूल्यांकन करके डॉक्टर की मदद करता है। फिर भी डॉक्टर को लगता है कि रिपोर्ट गलत है तो वह अपने अनुभव पर जांच कर सकता है। एम्स के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. नीरजा भाटला का कहना है कि एआई की मदद से अस्पतालों में डॉक्टरों का बोझ कम हुआ है। साथ ही डॉक्टरों की सेवा की गुणवत्ता में सुधार आया है। डॉक्टरों की मदद के लिए पोटेबल पल्पोस्कोप को अपग्रेड किया जा रहा है। अब यह एआई आधारित होगा। इसमें सर्वाइकल कैंसर के लक्षण की फोटो अपलोड करते ही लक्षणों का मूल्यांकन हो जाएगा। इसके अलावा ओवरी कैंसर को लेकर भी काम चल रहा है। यह दोनों महिलाओं में होने वाले बड़े कैंसर हैं जिससे हर साल हजारों महिलाएं दम तोड़ देती हैं।

एम्स के न्यूरोलॉजी विभाग में इलाज करा रहे 28 साल के युवक की पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी रिपोर्ट का मूल्यांकन कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरण ने ब्रेन ट्यूमर की पहचान मिनटों में कर दी। इसकी मदद से इलाज भी जल्द शुरू हो गया, जबकि इस तरह की रोग की पहचान सामान्य तरीके से करने पर विशेषज्ञों को घंटों समय लगता था। वहीं, नार्थ-ईस्ट के छोटे से गांव में सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती



लक्षणों से जूझ रही 27 साल की महिला की पहचान उसके गांव में ही हो गई। उक्त गांव की आशा वर्कर ने महिला को हुई परेशानी के बाद एक फोटो खींचकर पोटेबल पल्पोस्कोप पर अपलोड किया। यह फोटो एम्स, दिल्ली के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों ने देखी और मूल्यांकन कर मरीज को सलाह दी।

## खास खबर

### इकोस मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लि. ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई, एजेंसी।** इकोस (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड (कंपनी) वित्त वर्ष 2023 के लिए परिचालन से आय और कर पश्चात लाभ (पैट) के लिहाज़ से भारत में कॉरपोरेट जगत को शोफर द्वारा चलाई जाने वाली (शोफर ड्रिवन) वाहन प्रदान करने वाली सबसे बड़ी और सबसे लाभदायक कंपनी रही (स्रोत- एफ एंड एस रिपोर्ट) और इसने ? 2 अंकित मूल्य (इक्विटी शेयर) के 18,000,000 इक्विटी शेयरों तक की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी के प्रवर्तक राजेश लुम्बा, आदित्य लुम्बा, राजेश लुम्बा फैमिली ट्रस्ट और आदित्य लुम्बा फैमिली ट्रस्ट हैं। इस पेशकश के तहत 18,000,000 इक्विटी शेयरों (प्रस्तावित शेयर) तक की बिक्री पेशकश (ऑफर फॉर सेल-ओएफएस) शामिल है, जिसमें राजेश लुम्बा द्वारा 9,900,000 इक्विटी शेयर; और आदित्य लुम्बा द्वारा 8,100,000 इक्विटी शेयर तक (सेलिंग शेयरहोल्डर) की बिक्री पेशकश शामिल है। यह कंपनी पिछले 25 साल से अधिक समय से भारत में फॉर्च्यून 500 कंपनियों सहित कॉर्पोरेट ग्राहकों को किराए पर शोफर ड्रिवन कार (सीसीआर) सेवा और कर्मचारी परिवहन सेवा (ईटीएस) प्रदान कर रही है। कंपनी 9,000 से अधिक इकोनॉमी से लेकर लग्ज़री कार, मिनी वैन और लग्ज़री कोच के बेड़े का परिचालन करती है, जिसमें लग्ज़री वाहन (ऑडी, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसे ऑटोमोबाइल ब्रांडों के वाहन सहित), इकॉनमी वाहन, प्रीमियम वाहन और बस/वैन जैसी विभिन्न श्रेणियां शामिल हैं। यह लगेज वैन, लिमोज़िन, विंटेज कारों और दिव्यांगों की विशिष्ट ज़रूरत के अनुरूप वाहन आदि जैसे विशेष वाहन भी प्रदान करती है।

### बिमटेक सात देशों के छात्रों और पेशेवरों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन पेश करेगा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत के प्रतिष्ठित बी-स्कूल बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने 7 देशों के छात्रों और पेशेवरों के लिए 8 प्रोफेशनल कोर्स की ऑनलाइन और ऑफलाइन पेशकश की है। इन कोर्स का उद्देश्य चार्टर्ड इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट - एक्रीडेटेड प्रोफेशनल डवलपमेंट सेंटर द्वारा मान्यता प्राप्त सीआईआई योग्यताओं के समर्थन में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से टीचिंग और लर्निंग करवाना है। बिमटेक चार्टर्ड इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट के समन्वय और समर्थन के साथ भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, भूटान और म्यांमार में इच्छुक छात्रों और पेशेवरों को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, बीमा में प्रोफेशनल कोर्स जैसे - डब्ल्यू01 - जनरल इंश्योरेंस में अवॉर्ड, एम05 - इंश्योरेंस लॉ, 530 - इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस, 820 - एडवांस क्लेम, एम97 - रीइंश्योरेंस, 992 - रिस्क मैनेजमेंट इन इंश्योरेंस, 995 - स्ट्रेटेजिक अंडरराइटिंग और 996 - स्ट्रेटेजिक क्लेम मैनेजमेंट शामिल हैं। सीआईआई एपीडीसी के कोर्स का ध्यान मुख्य रूप से दो क्षेत्रों पर है। 1. शिक्षण का व्यावहारिक मूल्यांकन, अद्यतन शिक्षण सामग्री और लर्निंग के समर्थन में उपयुक्त शिक्षण सुविधाओं के माध्यम से गुणवत्ता 2. विश्वसनीय और सक्षम ट्यूटर्स, मजबूत प्रबंधन प्रणालियां और छात्र सहायता सेवाओं के माध्यम से व्यावसायिकता का पोषण। साकाते खेतान ने कहा, सीआईआई एपीडीसी का दर्जा हासिल करने से किसी संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ती है, जिससे यह सीआईआई योग्यता के लिए विशेष रूप से टीचिंग और लर्निंग की सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम होता है, साथ ही एक मान्यता प्राप्त गुणवत्ता बेंचमार्क को भी पूरा करता है। बिमटेक, ग्रेटर नोएडा में सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर डायरेक्टर डॉ. प्रवीणा राजीव ने कहा, कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद हमें सफलतापूर्वक सीआईआई एपीडीसी का दर्जा हासिल करने पर गर्व है। इसके तहत, जॉब मार्केट बाजार की उभरती मांगों को ध्यान में रखते हुए और छात्रों को इंडस्ट्री स्टैंडर्ड के साथ तालमेल बनाए रखने में मदद करने के लिए कई पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।

# घट रही है नियमित वेतन पाने वालों की मासिक कमाई, 12 वर्षों में 12,100 से घटकर 10,925 रुपये रह गई आय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान (आईएचडी) की नई रिपोर्ट 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' के अनुसार भारत में नियमित वेतन पाने वालों और स्व-रोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों पर आधारित इस रिपोर्ट में वास्तविक कमाई का आकलन महंगाई (मुद्रास्फीति) के आधार पर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार साल दर साल नियमित कर्मचारियों के औसत मासिक वास्तविक कमाई में लगातार गिरावट आई है। 2012 में नियमित कर्मचारियों की औसत मासिक कमाई 12,100 रुपये थी। अब यह सालाना 1.2 फीसदी की गिरावट के साथ 2019 में घटकर 11,155 रुपये प्रतिमाह हो गई। 2022 में यह 0.7 फीसदी की गिरावट के साथ 10,925 रुपये मासिक रह गया।



### आकस्मिक श्रमिकों की कमाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई

रिपोर्ट के अनुसार आकस्मिक श्रमिकों के मामले में उलट स्थिति सामने आई है। यानी पिछले दशक के दौरान उनकी वास्तविक कमाई में वृद्धि दर्ज की गई है। 2012 में इनकी औसत मासिक वास्तविक आय 3,701 रुपये थी जो सालाना 2.4 फीसदी की वृद्धि के साथ 2019 में बढ़कर 4,364 रुपये तथा 2022 में 4712 रुपये हो गई प्रतिमाह हो गई। नियमित कर्मचारियों और स्वरोजगार से संबद्ध लोगों की घटती कमाई के साथ ही आकस्मिक श्रमिकों की आय में हुई बढ़ोतरी का अर्थ यह है कि 2000 से 2022 के बीच पैदा हुई नौकरियों की गुणवत्ता पैमाने पर खरी नहीं थी।

### खेती-बाड़ी से जुड़े मजदूरों को नहीं मिल रहा न्यूनतम मेहनताना

रिपोर्ट कहती है कि भारत में श्रमिकों को उनके कौशल के आधार पर न्यूनतम मेहनताना नहीं मिल है। श्रमिकों के एक बड़े हिस्से, विशेष रूप से आकस्मिक श्रमिकों को न्यूनतम वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा। राष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में 40.8 फीसदी नियमित श्रमिकों और 51.9 फीसदी आकस्मिक श्रमिकों को उतना पारिश्रमिक नहीं मिल रहा जितना उस क्षेत्र में किसी अकुशल श्रमिक के लिए प्रतिदिन के लिहाज से कम से कम तय किया गया है। इसके अलावा रिपोर्ट में निर्माण क्षेत्र में लगे श्रमिकों की कमाई का भी उल्लेख किया गया है। इस क्षेत्र से जुड़े 39.3 फीसदी नियमित कर्मचारियों और 69.5 फीसदी आकस्मिक श्रमिकों को अकुशल श्रमिकों के लिए प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित औसत न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है। यह आंकड़े 2022 के लिए किए गए पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे पर आधारित हैं।

### स्वरोजगार में लगे लोगों की कमाई भी घटी

कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा जो स्व रोजगार में लगा हुआ है उनकी कमाई भी कम हुई है। इनकी वास्तविक कमाई में सालाना 0.8 फीसदी की गिरावट आई है। यह 2019 में करीब 7,017 रुपये प्रतिमाह से घटकर 2022 में 6,843 रुपये प्रतिमाह रह गई।

### टीबी मुक्त भारत के लिए शुरुआती चरण में डायग्नोसिस और सही उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने की मुहिम शुरू की

**अहमदाबाद , एजेंसी।** डब्ल्यूएचओ द्वारा हर साल 24 मार्च को टीबी दिवस मनाया जाता है, और इसी उपलक्ष्य में मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने विश्व टीबी दिवस भी मनाया। तकरीबन 100 साल से भी अधिक समय पहले, आज ही के दिन मशहूर वैज्ञानिक, डॉ. रॉबर्ट कोच ने टीबी (माइकोबैक्टीरियम टीबी) के जीवाणु की खोज की थी। लोगों के बीच ट्यूबरक्लोसिस (तपेदिक) के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी से निपटने के प्रयासों में जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ अपनी थीम हाँ! हम टीबी को ख़त्म कर सकते हैं पर कायम है। चिकित्सा के क्षेत्र में हुई प्रगति के बावजूद, टीबी आज भी दुनिया में सबसे जानलेवा बीमारियों में से एक बनी हुई है, और हाल के वर्षों में इसके दवा-प्रतिरोधी स्ट्रेन (उपभेदों) की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। विश्व टीबी दिवस वास्तव में टीबी उन्मूलन के लिए सच्ची लगन की भावना को फिर से जगाने, लोगों को व्यक्तियों को प्रेरित करने और इस दिशा में कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच की तरह काम करता है। सामान्य तौर पर ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के इलाज में कई महीनों का समय लगता है, जिसमें अलग-अलग एंटीबायोटिक दवाओं का सम्मिलित रूप से उपयोग किया जाता है।

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी की शुरुआत कर बड़ी उपलब्धि हासिल की

**अहमदाबाद मुंबई, एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद को अस्पताल में एक महत्वपूर्ण अवसर यानी रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी प्रक्रिया के शुभारंभ के बारे में जानकारी देते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है। यह इस संस्थान के साथ-साथ गुजरात के पूरे चिकित्सा समुदाय के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल भारत के प्रमुख अस्पतालों में से एक है, जिसने अक्टूबर 2013 की शुरुआत में सिंपलिसिटी कैथेटर का उपयोग करके अहमदाबाद में देश की पहली चार रीनल डिनेर्वेशन प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया था। यह नवीनतम टेक्नोलॉजी को अपनाने वाला गुजरात का पहला अस्पताल है, जहां पूरी दुनिया में बड़े पैमाने पर मौजूद उच्च रक्तचाप के मरीजों के इलाज के लिए अभिनव तरीके के सिंपलिसिटी स्पाइरल रीनल डिनेर्वेशन सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। डॉ. केयूर पारिख, अध्यक्ष - मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद ने ही इस अस्पताल में आरडीटी प्रक्रिया की शुरुआत की थी। उन्हें इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. तेजस वी पटेल और डॉ. विपुल कपूर का सहयोग प्राप्त है। 28 मार्च 2024 को आयोजित की गई प्रक्रिया के साथ ही, डॉ. केयूर पारिख भारत में सबसे अधिक संख्या में आरडीएन की प्रक्रिया को पूरा करने वाले चिकित्सक बन गए हैं। उन्होंने 13 साल पहले भी ऐसे चार मामलों का इलाज अलग-अलग तकनीक से किया था। रीनल डिनेर्वेशन थेरेपी उच्च रक्तचाप के समाधान का एक बेमिसाल तरीका है, जिसमें गंभीर उच्च रक्तचाप से जूझ रहे मरीजों के लिए काफी संभावनाएं हैं। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में आरडीटी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद, डॉक्टर शहर की सीमाओं के भीतर और आस-पास के इलाकों में उच्च रक्तचाप को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने और इसके प्रभाव को दूर तक बढ़ाने में सक्षम हैं।

# अनिल अंबानी की कंपनी के शेयर में तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2024 के आखिरी सप्ताह में रिलायंस पावर के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। 10 जनवरी 2024 से 13 मार्च 2024 तक बेस बिल्डिंग मोड में रहने के बाद रिलायंस एडीएजी (अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप) की यह कंपनी इन दिनों रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस द्वारा कर्ज में कटौती और पूंजी निवेश को लेकर खबरों में है। इससे रिलायंस पावर के शेयरों में जोरदार खरीदारी हुई। 13 मार्च 2024 को 20.40 प्रति शेयर के स्तर पर समाप्त होने के बाद अनिल अंबानी की कंपनी के शेयर की कीमत एनएसई पर 28.25 प्रति शेयर के स्तर तक पहुंच गई है। यानी आखिरी सप्ताह में लगभग 40 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि, रिलायंस-छ्रत कंपनी के स्टॉक ने पोस्ट-कोविड रिबाउंड में मजबूत बढ़त दिखाई है। पिछले चार सालों में एनएसई पर रिलायंस पावर के शेयर की कीमत 1.20 प्रति शेयर से बढ़कर



28.25 प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गई है। इस समय में लगभग 2,250 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

बता दें कि रिलायंस पावर के शेयरों को अपने निवेशकों के खोए हुए पैसे को वापस करने के लिए एक लंबा सफर तय करना होगा, जो शेयर लिस्टिंग के समय शेयर में निवेश किया गया था। रिलायंस पावर आईपीओ जनवरी 2008 में 405 से 450 प्रति इक्विटी शेयर के प्राइस बैंड पर लॉन्च किया गया था और यह बीएसई पर 547.80 और एनएसई पर 530 पर लिस्ट हुआ था। शेयर लिस्टिंग के बाद रिलायंस पावर को 3ः5 बोनस शेयर भी दिए गए। रिलायंस पावर शेयरों के दृष्टिकोण पर बोलते हुए चॉइस ब्रोकिंग के कार्यकारी निदेशक सुमीत बगाड़िया ने कहा, रिलायंस पावर के शेयर पिछले दो सप्ताह से लगातार तेजी में हैं। हालांकि, स्टॉक को 30 प्रति शेयर के स्तर पर बाधा का सामना करना पड़ रहा है। रिलायंस पावर शेयरों को 22 प्रति शेयर के स्तर पर मजबूत समर्थन प्राप्त है। इसलिए, जिनके पोर्टफोलियो में रिलायंस पावर के शेयर हैं, उन्हें 22 प्रति शेयर के स्तर पर स्टॉप लॉस बनाए रखना चाहिए। स्टॉक छोटी अवधि 34 प्रति शेयर के स्तर को छू सकता है।

### 1 शेयर पर 94 रुपये का डिविडेंड दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट इसी हफ्ते

शेयर बाजार में इस हफ्ते कई कंपनियां एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगी। इन कंपनियों की लिस्ट में टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड भी शामिल है। कंपनी योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 94 रुपये डिविडेंड देने का फैसला किया है। बता दें, शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन पिछले एक साल में शानदार रहा है। 21 मार्च को कंपनी की बोर्ड मीटिंग हुई थी। इसी मीटिंग में तय हुआ था कि 5 रुपये के फेस वैल्यू एक शेयर पर 1880 प्रतिशत का डिविडेंड दिया जाएगा। यानी कंपनी योग्य निवेशकों को 1 शेयर पर 94 रुपये का डिविडेंड देगी। कंपनी ने रिकॉर्ड डेट के लिए 2 अप्रैल की तारीख तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम इस दिन कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेगा उसे ही डिविडेंड का लाभ मिलेगा।

चालू वित्त वर्ष में कंपनी पहली बार डिविडेंड दे रही है। इससे पहले कंपनी 2 फरवरी 2023 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने एक शेयर पर 59 रुपये का डिविडेंड दिया था। बता दें, साल 2009 में कंपनी ने बोनस शेयर भी दिया है। तब कंपनी की तरफ से योग्य निवेशकों को 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया गया था।

## बच्चे के फ्यूचर को सिक्योर करने का फॉर्मूला, दिग्गज कारोबारी ने दिए 4 टिप्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक स्मार्ट निवेशक वह होता है, जो अपने बच्चों के फ्यूचर को सिक्योर करने के लिए उसके जन्म के बाद से ही निवेश शुरू कर दे। इसके लिए सरकारी स्कीम से लेकर म्यूचुअल फंड्स या एसआईपी जैसे विकल्प मौजूद हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड की सीईओ और एमडी राधिका गुप्ता ने बच्चों के निवेश को लेकर कुछ जरूरी टिप्स दिए हैं। इसे फॉलो कर आप निवेश शुरू करने के साथ ही बच्चों के फ्यूचर को भी सिक्योर कर सकेंगे। आइए जानते हैं कि राधिका गुप्ता ने ऐसे क्या टिप्स दिए हैं।

**1. डॉक्युमेंट है जरूरी**

अपने बच्चे से जुड़े सभी जरूरी डॉक्युमेंट को तैयार रखें। उदाहरण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार, पैन को बनवाना होगा। इसके अलावा बच्चे के बैंक अकाउंट को भी खुलवा लें।

**2. अपना गोल तय करें**

अपने बच्चे के लिए निवेश से पहले गोल यानी लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए। आपका लक्ष्य स्पष्ट हो कि आपको किस मकसद से निवेश करना है। इसी हिसाब से निवेश की रकम और अवधि को तय करें। उदाहरण के लिए आपको बच्चे के हायर एजुकेशन के लिए निवेश करना है। ऐसे में आपको बच्चे की पढ़ाई के हिसाब से निवेश की अवधि और रकम तय करनी होगी।

**3. मासिक एसआईपी करें**

बच्चे के लिए निवेश का एक बेहतर विकल्प सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान है। इसी तरह, आप मजबूत रिटर्न के लिए कुछ लार्ज या मिड इंडेक्स फंड में निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा मिड और स्मॉल कैप फंड या इंटरनेशनल फंड जैसे विकल्प भी हैं।

**4. अपने लक्ष्य की समीक्षा**

आप बच्चे की उम्र के साथ समय-समय पर अपने निर्धारित गोल यानी लक्ष्य की समीक्षा करते रहें। लक्ष्य के करीब पहुंचने के साथ इसे और अधिक मजबूत बनाएं। निवेश आदि को लेकर बच्चे को भी जागरूक रखें और प्रेरित करते रहें।

# 170 के पार जाएगा टाटा स्टील का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप टाटा ग्रुप के शेयर पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आप टाटा स्टील के शेयर पर फोकस रख सकते हैं। प्रमुख ब्रोकरेज फर्म एक्सिस सिक्योरिटीज ने आयरन एंड स्टील सेक्टर की टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील लिमिटेड पर 177 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ खरीदने का सुझाव दिया है। बीएसई पर टाटा स्टील के शेयर का मौजूदा बाजार मूल्य 155.90 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1,94,616.87 करोड़ रुपये है।

### कंपनी के शेयर

कंपनी का पीई 43.67 और ईपीएस (टीटीएम) 3.73 है। इस बीच, यह ध्यान रखना जरूरी है कि स्टॉक में एलआईसी की भी हिस्सेदारी है और यह 7.29 प्रतिशत है। एलआईसी के पास 90,97,67,778 शेयर हैं। टाटा स्टील के शेयर पिछले 1 साल में 52 प्रतिशत




और पिछले 6 महीने में 23 प्रतिशत बढ़े हैं। टाटा स्टील के शेयरों में लगातार छठे सेशन से तेजी बनी हुई है। बीएसई पर टाटा स्टील के शेयरों की 52-सप्ताह की उच्च कीमत क्रमशः 159.50 रुपये और 52-सप्ताह की कम कीमत 101.65 रुपये है। टाटा स्टील के शेयर पिछले 1 महीने में 11 प्रतिशत बढ़े, पिछले 6 महीने में 23 प्रतिशत बढ़े, पिछले 2 साल में 16 प्रतिशत बढ़े और पिछले 3 साल में शेयरधारकों को 103 प्रतिशत का रिटर्न मिला। पिछले 5 सालों में टाटा स्टील का स्टॉक 208 प्रतिशत बढ़ा है। दिसंबर 2023 तिमाही में निवेशकों की संख्या 1072 से घटकर 1036 हो गई। ट्रेंडलाइन के अनुसार, दिसंबर 2023 तिमाही में म्यूचुअल फंड की होल्डिंग 9.44 प्रतिशत से बढ़कर 9.83 प्रतिशत हो गई है।

### डिविडेंड भी दे चुकी है कंपनी

बता दें कि टाटा स्टील ने 24 मई 2001 से 29 डिविडेंड घोषित किए हैं। पिछले 12 महीनों में टाटा स्टील ने 3.60 रुपये प्रति शेयर का इक्विटी डिविडेंड घोषित किया है। ट्रेंडलाइन पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 155.15 रुपये के मौजूदा शेयर प्राइस पर टाटा स्टील की डिविडेंड यील्ड 2.31 प्रतिशत है। टाटा स्टील ने 2022 में 51 रुपये/शेयर पर अब तक के सबसे अधिक डिविडेंड की घोषणा की और एक्स-डिविडेंड की तारीख 15 जून, 2022 तय की थी। इसके अलावा टाटा स्टील ने स्टॉक स्प्लिट भी किया है। टाटा स्टील का लास्ट स्प्लिट 2022 में 1ः10 के रेशियो में हुआ था।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा फायदा, टीसीएस को घाटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते शेयर बाजार में केवल तीन ही दिन कारोबार हुआ। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में 819.41 अंक यानी 1.12 फीसदी की तेजी रही। इससे 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से पिछले सप्ताह 67,259.99 करोड़ रुपये बढ़ा। इसमें सबसे ज्यादा फायदे में मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। कंपनी का मार्केट कैप पिछले हफ्ते 45,262.59 करोड़ रुपये बढ़कर 20,14,010.63 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 5,533.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,71,666.29 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम का बाजार पूंजीकरण 5,218.12 करोड़ रुपये बढ़कर 5,78,484.29 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 4,132.67 करोड़ रुपये बढ़कर 7,69,542.65 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 4,029.69 करोड़ रुपये बढ़कर 11,00,184.60 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 2,819.51 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,946.04 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का एमकैप 264.15 करोड़ रुपये बढ़कर 5,35,032.74 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार पूंजीकरण 10,691.45 करोड़ रुपये घटकर 14,05,102.38



करोड़ रुपये और इन्फोसिस का 4,163.13 करोड़ रुपये कम होकर 6,22,117.38 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 3,817.18 करोड़ रुपये घटकर 6,95,038.48 करोड़ रुपये रहा।

### टॉप 10 कंपनियां

सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा। दुनिया की टॉप 100 कंपनियों की बात करें तो उनमें भारत की केवल तीन कंपनियों को जगह मिली है।

# एक्ज़ोनोबेल ने रॉकिंग स्टार यश को ड्यूलक्स वेदरशील्ड का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया

**अपना इट्स कलरफुल, इट्स पॉवरफुल अभियान लॉन्च किया**

### अग्रणी पेंट्स और कोटिंग्स कंपनी और ड्यूलक्स पेंट्स के निर्माता, एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने आज अभिनेता यश को भारत में ड्यूलक्स वेदरशील्ड एक्सटीरियर इमल्शन का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया

**मुंबई, एजेंसी।** एक्ज़ोनोबेल इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, राजीव राजगोपाल ने कहा, हम रॉकिंग स्टार यश का एक्ज़ोनोबेल परिवार में स्वागत करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। वो ड्यूलक्स वेदरशील्ड की बेजोड़ प्रदर्शन और ओरिजिनलिटी की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो इनोवेशन और आत्मविश्वास के साथ आती है। सच्चे सुपरस्टार, यश को हमारे प्रतिष्ठित ड्यूलक्स वेदरशील्ड एक्सटीरियर इमल्शन की तरह ही पूरे भारत में लाखों फैन्स बहुत प्यार करते हैं।

यश की मदद से एक्ज़ोनोबेल का उद्देश्य सुंदरता और बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस चाहने वाले भारतीय ग्राहकों के साथ और अपने फ्लैगशिप ड्यूलक्स वेदरशील्ड एक्सटीरियर इमल्शन के संबंध को मजबूत बनाना है। सुपरस्टार यश ने कहा, हर किरदार




में प्रेरित करने, दिल जीतने और मनोरंजन करने की अपनी क्षमता होती है। मेरी सबसे बड़ी शक्ति अपने दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने में है। ड्यूलक्स वेदरशील्ड एक्सटीरियर इमल्शन की तरह ही मैं भी इस शक्ति को केंद्रित करने और अपने मूल्यों के प्रति सच्चा रहते हुए लोगों के जीवन में रंग भरने में विश्वास करता हूँ। मुझे ड्यूलक्स वेदरशील्ड के 'इट्स कलरफुल, इट्स पॉवरफुल' की कहानी को जीवंत करने की खुशी है। जब जिंदगी किसी एक रंग में नहीं जी जाती है, तो फिर हमारे घर में केवल एक रंग क्यों हो?

मुलेन लिंटास दिल्ली द्वारा निर्मित यह अभियान एक रिपोर्टर के साथ शुरू होता है, जो यश से एक सवाल पूछता है कि कलरफुल पॉवरफुल कैसे हो सकता है। यश अपनी वास्तविक लार्जर-दैन-लाइफ शैली में सभी मानकों - तेज धूप, भारी बारिश, और भयानक रेतीले तूफ़ान में ड्यूलक्स वेदरशील्ड पॉवरफ्लेक्स का कड़ा परीक्षण करते हैं। अपनी ट्रिपल डिफेंस टेक्नोलॉजी के साथ ड्यूलक्स वेदरशील्ड पॉवरफ्लेक्स का हर रंग सुनिश्चित करता है कि घरों के एक्सटीरियर लंबे समय तक जीवंत और सुरक्षित बने रहें, जो इट्स कलरफुल, इट्स पॉवरफुल को प्रदर्शित करता है।

रोहित तोतला, मार्केटिंग एवं सेल्स यूनिट डायरेक्टर - पेंट्स, एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने कहा, ड्यूलक्स वेदरशील्ड 25 सालों से ज्यादा समय से घरों के एक्सटीरियर के लिए अग्रणी टेक्नोलॉजी लेकर आ रहा है। भारत में एक्ज़ोनोबेल के डेकोरेटिव पेंट व्यवसाय में सबसे ज्यादा योगदान एक्सटीरियर इमल्शन से मिलता है। हम अपने ब्रांड के फुटप्रिंट बढ़ाते हुए यश की शक्ति के साथ ग्राहकों से अपना जुड़ाव मजबूत बनाना चाहते हैं।

इट्स कलरफुल, इट्स पॉवरफुल के बारे में वंदना कृष्णिया, मार्केटिंग डायरेक्टर, डेकोरेटिव पेंट्स - साउथ एशिया, एक्ज़ोनोबेल ने कहा, त्योहार हों, उत्सव, शहरों की सदियों पुरानी पहचान, जैसे ब्लू सिटी, या हमारा घर और जीवन, हर भारतीय पहचान में रंग गहराई से समाए हुए हैं। ड्यूलक्स वेदरशील्ड पॉवरफ्लेक्स की शक्तिशाली साख के साथ यह अभियान रंगों के साथ भारत के प्यार के बारे में है, जिसके प्रदर्शन के लिए यश से अच्छा और कौन हो सकता है। फैन्स और पेंट के ग्राहकों को यश इस हफ्ते से एक बोल्ड अवतार में दिखाई देंगे, जो इट्स कलरफुल, इट्स पॉवरफुल अभियान को जीवंत करेंगे, जिसमें एक्सटीरियर इमल्शन रेंज की सुपर-प्रीमियम ड्यूलक्स वेदरशील्ड पॉवरफ्लेक्स का प्रदर्शन होगा। यह अभियान भारत में पारंपरिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लॉन्च किया जाएगा।





# ऐसे रखें घर को सुव्यवस्थित

- सबसे पहले तो आप अपने रसोई घर में नजर दौड़ा कर देखें की वहाँ कोई सामान बेवजह तो नहीं पड़ा है। अमूमन घरों में बेकार हो चुके या काम में न आने वाले टोस्ट, अवन आदि को भी रसोई से हटाया नहीं जाता, तो उसी सामान को रसोई में रखे जो ठीक हो और जिनकी जरूरत हो।
- अगर फ्रिज रसोई में ही रखा है तो उसे डाइनिंग टेबल के पास लगावा दें।
- मिक्सर, ग्राइंडर को रसोई में एक कोने में साफ जगह पर रखें जहाँ से स्विच बोर्ड पास हो और पानी की छिंटे न पहुँचे।
- छोटी अलमारी में भी रख सकती है ताकि जरूरत पड़ने पर ही निकाल सकें।
- इसके अलावा रोजाना काम में आने वाली चीजों को बाहर ही रखें। बाकी कम काम में आने वाला सामान, आप रसोई की अलमारियों और दराजों में रख सकती हैं।
- कप, बर्तन आदि को रखने के लिए स्टील का रैक आदि का प्रयोग बेहतर रहता है। संभव हो तो इसे दीवार पर अटैच करवा दें, इससे रसोई घर में ज्यादा जगह बचेगी।

## क्रॉकरी की देखभाल

**खाने की मेज पर सजी सुंदर क्रॉकरी जहाँ भोजन के आकर्षण को कई गुना बढ़ा देती है, वहीं यह मेजबान की सुघड़ता का भी परिचायक होती है। इसका उपयोग हर घर व होटल में होता है।**

- क्रॉकरी पर स्क्रेच या रगड़ न लगे इसका ध्यान रखें। खासकर उसे साफ करते समय कूचे से साफ करने की बजाए स्पंज या कपड़े का इस्तेमाल करें। यदि गिलास अथवा कप का मुँह छोटा है और आप का हाथ भीतर नहीं जा रहा तो एक लंबी डंडी में स्पंज का टुकड़ा लपेट कर धीरे से साफ करें।
- मेहमानों के लिए क्रॉकरी अलग रखें और उसका इस्तेमाल रोज नहीं करें अन्यथा वह बदरंग हो जाएगी। रोज इस्तेमाल की जाने वाली क्रॉकरी मजबूत होनी चाहिए, नाजुक नहीं।
- क्रॉकरी को हमेशा उचित जगह रखें। जूठे बरतनों के साथ इसे न रखें और न ही उसे सिंक में रखें, अपितु तुरंत धोकर यथा स्थान रखें। यदि उसे देर तक न धोया जाए तो उसमें चाय, काफी या दाल सब्जी के दाग लग जाते हैं, जो बड़ी मुश्किल से छूटते हैं।
- क्रॉकरी को सिंक में धोने से पहले उसमें एक पुराना टाट बिछा दें ताकि यदि गलती से क्रॉकरी हाथ से छूट जाए तो टूटे नहीं।
- क्रॉकरी को एक के अंदर एक न रखें। काँच के गिलासों को अलग-अलग रखें, एक-दूसरे में फँसा कर नहीं, अन्यथा निकालते समय वे टूट सकते हैं।
- क्रॉकरी को बच्चों की पहुँच से दूर रखें वरना वे उसे तोड़ सकते हैं।

# रिश्तों में कमिटमेंट लाएं

**प्यार, इजहार और सात फेरों का बंधन, सफल लव स्टोरी के पहले यही पड़ाव होते थे, लेकिन अब इसके मायने बदल गए हैं। दरअसल, आज के रिश्तों में कमिटमेंट नही है, जिससे इनकी बुनियाद ही ठोस नहीं बनती :**

अगर पुराने जमाने की बात करें, तो उस समय लव स्टोरी का मतलब बहुत सीधा-साधा होता था। लड़का-लड़की मिले, उनके बीच प्यार हुआ और यह प्यार सात जन्मों के साथ में बदल गया। फिर दोनों खुशी-खुशी साथ रहने लगे। अगर स्टोरी में थोड़ा ट्विस्ट है, तो हो सकता है वहां कोई विलेन भी हो। लेकिन फिर भी बहुत ज्यादा ऊंच-नीच न के बराबर ही होती थी और अधिकतर कहानियों में प्यार करने का मतलब ही शादी करना होता था। यानी रिश्ते में एक कमिटमेंट होता था, जो आज के रिलेशंस में कहीं गुम हो गया है।

### नहीं है कमिटमेंट

यह एक सच है कि अब रिलेशनशिप्स के मायने लगातार बदल रहे हैं। दरअसल, आजकल लोग एक-दूसरे से डेट करने और टाइम पास करने के लिए मिलना चाहते हैं। अक्सर उनका मकसद अपने संबंधों को शादी के बंधन में सजाने का नहीं होता और ना ही वे एक-दूसरे के लिए इतने सीरियस होते हैं। मजेदार बात यह है कि बगैर किसी कमिटमेंट के ये एक ही छत के नीचे साथ रहने को तैयार होते हैं। अगर इसकी वजह जानने की कोशिश की जाए, तो जवाब मिलता है कि अब हमारे पास कुछ पाने का इंतजार करने का पेशंस नहीं है। यही वजह है कि थोड़ी देर की खुशी पाने की चाहत में हम चंद समय के लिए बरकरार रहने वाले कच्चे रिश्तों की ओर बढ़ने लगे हैं।

### जरूरी नही कोई बंधन

कम समय में बहुत कुछ पाने की चाहत ने हमें एक ऐसे माहौल में लाकर खड़ा कर दिया है, जहां हम बस अपनी जरूरत के हिसाब से रिश्ते बनाते हैं। टीवी एक्ट्रेस रोशनी चोपड़ा कहती हैं, आजकल लाइफ हाइब्रिड हो गई है और हमारे सामने एक नहीं, बल्कि तमाम ऑप्शंस मौजूद होते हैं। जहां इतने सारे ऑप्शंस होते हैं, वहां कन्फ्यूजन भी बहुत होता है और किसी एक के साथ ठहरने का कोई स्कोप नहीं रह जाता। वहीं एक्टर आमिर अली का कहना है, कोई कपल एक दूसरे के लिए सीरियस जरूर हो सकता है लेकिन यह बात जरूरी नहीं है कि वे एक-दूसरे के साथ जिंदगी भी बिताएंगे।

### आसान हो गई दूसरे की तलाश

कुछ साल पहले तक हम बेहद सिंपल लाइफ जीते थे। चाहे इसमें आप किसी से प्यार करें या न करें, लेकिन आपको पार्टनर के साथ रहना होता था। वैसे, देखा जाए तो प्यार शब्द अपने आप में ही बहुत कन्फ्यूज करता है। वहीं, आज के इस माहौल हमें अपना गार्ड खुद ही बनना होगा। हमें यह पता होना चाहिए कि फर्स्ट डेट में आपको अपने रिश्ते को कितना खुलापन देना है? आप किस तरह दूसरे के लिए अपने इमोशंस को मापेंगे? आमिर कहते हैं, चरिश्तों को लेकर हम ओवर कॉन्शस हो गए हैं। नए लोगों से मिलना भी अब बहुत आसान हो गया है। वैसे, कई तरह की संस्थाएं भी लोगों को इस तरह मिलाने का काम कर रही हैं। लेकिन गहरे इमोशंस न होने की वजह से ये रिश्ते बहुत ज्यादा समय तक नहीं टिक पाते। यही नहीं, अब ब्रेकअप करना भी बहुत आसान हो गया है। एक्सपोजर के कारण सभी के पास और पार्टनर्स चुनने के ऑप्शंस की कमी नहीं है। यही वजह है कि वे किसी एक के साथ टिक कर नहीं रह पा रहे।



### लिव - इन का चलन

क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट डॉ . वर्खा चुलानी कहती हैं, सीधे शादी करने की बजाय अब लोग एक - दूसरे के साथ रहकर यह देखना चाहते हैं कि उनका रिश्ता हमेशा के लिए एक - दूसरे के साथ चल पाएगा या नहीं। क्योंकि शादी करने के बाद डिवोर्स या लीगल सेपरेशन जैसे कई इशू हो सकते हैं , जिनसे कॉम्प्लिकेशंस बढ़ती हैं। ऐसे में वे इन सब झंझटों से बचना चाहते हैं। वहीं , अब यंगस्टर्स भी अपने स्पाउज से ज्यादा उम्मीद रखते हैं, लेकिन अपने पार्टनर को समझने की वे जरा भी कोशिश नहीं करना चाहते।

### नहीं छोड़ते रोमांस और सेक्स

देखा जाए , तो रिश्तों के मामले में जेन नेक्स्ट, इन दिनों एक अव्यावहारिक एटिट्यूड अपना रही है। डॉ. चुलानी के कहती है, लोगों का माइंड सेट पहले से बहुत बदल गया है। अब लोग सोचते हैं कि जीने को जिंदगी एक ही बार मिलती है, इसलिए वे आसानी से कमिटमेंट नहीं करते। हालांकि इस बीच वे एक - दूसरे के साथ इमोशनल व फिजिकल इंवॉल्वमेंट भी नहीं छोड़ते। बेशक खुद को मॉडर्न दिखाने के चक्कर में हम रिश्तों की भेंट चढ़ा रहे हैं। हालांकि प्रोग्रेसिव होने में बुराई नहीं है, लेकिन इस फेर में जिंदगी को उलझाकर रखने में कोई समझदारी नहीं है। अगर जिंदगी को मजबूत आधार देना है , तो हमें रिलेशंस की गंभीरता को समझना होगा। वरना हम लाइफ को इट्स कॉम्प्लिकेटिड कहते ही बिता देंगे !



# कहीं भूल तो नहीं जातीं कुछ-कुछ...

कहीं ऐसा तो नहीं, आप दिमागी तौर पर थका हुआ महसूस करती हों, बात करते-करते उसका टॉपिक ही भूल जाती हों या फिर डेली यूज में आने वाली चीजों के नाम तक आपकी जुबां से फिसल जाते हों। अगर ऐसा है, तो यह कोई लाइफस्टाइल की छोटी-मोटी प्रॉब्लम नहीं, बल्कि अल्जाइमर हो सकता है। जिसकी एक बड़ी वजह स्ट्रेसफुल लाइफ में जीना है। हाल ही में हुआ एक सर्वे तो यह बताता है कि जो महिलाएं कम उम्र से ही तनाव में रहने लगती हैं, उनमें मिडल ऐज तक पहुंचते-पहुंचते अल्जाइमर्स होने का खतरा दोगुना हो जाता है। उनमें इसके 80 प्रतिशत चांस रहते हैं। वहीं, सामान्य जिंदगी बसर करने वाली महिलाओं को इसकी शिकायत मात्र 20 प्रतिशत ही रहती है। हाल ही में वुमन हेल्थ ऑर्गनाइजेशंस ने 12 से 14 फरवरी तक अमेरिका के वाशिंगटन में एक हेल्थ कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें देश-विदेश के कई जानेमाने डॉक्टर्स ने भाग लिया। यूं तो इसमें महिलाओं की हेल्थ से जुड़े कई विषयों पर चर्चा की गई लेकिन च्महिलाओं में तनाव और उसका परिणाम टॉपिक खासतौर पर डिस्कस किया। इसी कॉन्फ्रेंस के आंकड़ों व सर्वे में यह बात सामने आई।

### स्ट्रेस यानी...

बार-बार चिड़चिड़ापन, बेचैन रहना, नर्वस नेस, किसी तरह के भय का अहसास बने रहना, नींद न आना, छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव में आ जाना वगैरह को स्ट्रेस का दर्जा दिया गया है। यही स्ट्रेस अल्माइमर की वजह बनता है।



### बदल जाता है मिजाज

अल्जाइमर डिमेंशिया का एक खतरनाक रूप है। इसमें ब्रेन के प्रोसेस में दिक्कतें आने लगती है। अगर यह स्ट्रेस लगातार बना रहता है या दिन-ब-दिन बढ़ता जाता है, तो ब्रेन कमजोर होने लगता है। इससे व्यक्ति की सीखने की क्षमता, कम्यूनिकेशन स्किल और रोजमर्रा के कामों को करने में दिक्कत होती है। चीजों को रखकर भूल जाना, कोई जरूरी बात दिमाग से निकल जाना, बातचीत करते समय बात का टॉपिक भूल जाना, रोजाना इस्तेमाल की चीजों के लिए सही शब्द इस्तेमाल न करना वगैरह अल्जमाइर्स के लक्षण हैं। सायकॉलजिस्ट डॉ. अजय शुक्ला कहते हैं, लगातार तनाव में रहने से दिमाग सिकुड़ कर छोटा होने लगता है। इससे मरीज की सोचने की, याद रखने की (खासकर शॉर्ट टर्म मेमरी) और सामान्य व्यवहार की क्षमता कम हो जाती है।

### मल्टी रिस्पॉन्सिबिलटी

महिलाओं में यह समस्या अधिक होने की क्या वजह है? इस बारे में सायकॉलजिस्ट डॉ. सुनील अग्रवाल कहते हैं, महिलाओं को एक साथ कई कामों पर फोकस करना पड़ता है। नौकरी, घर, बच्चे, रिश्तेदार और शॉपिंग जैसी सभी चीजें एक साथ उनके दिमाग में चलती हैं। लेकिन अगर जरा भी डिसबैलेंस होता है, तो जल्द ही वे खुद को स्ट्रेस से घिरा पाती हैं। वहीं, अभी तक इसे बुढ़ापे की बीमारी माना जाता रहा था, लेकिन अमेरिका में हुई हालिया कॉन्फ्रेंस में यह साबित हो गया है कि अल्जाइमर कम उम्र में भी हो सकता है। पेशंट के दिमाग में एमिलॉयड फ्लेक्स नाम से ढेरों छोटी-छोटी संरचनाओं का निर्माण शुरू हो जाता है, जो दिमाग की कोशिकाओं के चारों तरफ जमा हो जाता है। यही मेमरी लॉस की वजह बनता है। जैसे-जैसे यह अधिक जमा होती जाती हैं, मेमरी उतनी ही लॉस होती जाती है।

### दुनिया में लाखों है पीड़ित

अनुमान के मुताबिक दुनिया भर में इस समय करीब एक करोड़ 60 लाख लोग अल्जाइमर रोग से पीड़ित हैं और 2015 तक यह संख्या दोगुनी होकर तीन करोड़ 40 लाख के आसपास पहुंच सकती हैं। इस समय दुनिया में अल्जाइमर के जितने मरीज है, उनमें से 52 प्रतिशत से अधिक मरीज विकासशील देशों में हैं और 2015 तक यह प्रतिशत बढ़कर 80 तक पहुंच जाएगी। अमेरिका में हुई इस कॉन्फ्रेंस में महिलाओं की संख्या अधिक पाई गई। हालांकि अभी स्पष्ट आंकड़े तो पता नहीं चल पाएं हैं, लेकिन अनुमान लगाया गया है कि यह संख्या पुरुषों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ेगी।

# किचन की सजावट



**रसोई घर मे डिब्बों को सजाते समय भी कुछ बातों का ख्याल रखें तो अच्छा होता है। इन्हें सजाते समय इस बात का ध्यान रखें कि जितना महत्व ड्राइंग रूम का होता है, उतनी ही रसोई घर की सजावट भी महत्वपूर्ण होती है। इसलिए योजना बनाकर रसोई घर के लिए उपयुक्त सामान खरीदें और इस तरह से सजाएँ कि आपका रसोई घर आकर्षक दिखे।**

- रसोई घर में एक ही प्रकार के डिब्बे न रखकर मिले-जुले यानी धातु, प्लास्टिक, शीशे के डिब्बों, मर्तबानों व जारों का उपयोग करें।
- रसोई घर के एक किनारे पर कोई अच्छा-सा गमला भी रख दें, जिससे रसोई घर और अधिक आकर्षक दिखाई दे।
- सभी डिब्बे अपनी उपयोगिता के अनुसार गृहिणी की पहुँच के अंदर ही हों। जैसे- मसालों के सभी डिब्बे सबसे नजदीक हों, अचार के मर्तबान दूर, तेल, घी के डिब्बे आँच से दूर व आटा, चावल, दाल आदि के डिब्बे नमी वाले स्थान से दूर रखें।
- हर नया सामान भरते समय हर डिब्बे की सफाई व देखभाल बहुत जरूरी है, वरना सामान खराब हो जाने का डर रहता है। साथ ही जब भी कोई भी सामान निकालें, सामान निकालकर तुरंत कपड़े से डिब्बा साफ कर यथा स्थान वापस रख दें।

## कैसे हों किचन के डिब्बे

- अनेक प्रकार की दालें व मसाले भरने के लिए छोटे-बड़े डिब्बों की आवश्यकता पड़ती है। अगर आप इस सामान के लिए पारदर्शी प्लास्टिक के बने हुए डिब्बे लें तो ज्यादा आसानी रहेगी, क्योंकि इसमें सामान दिखाई देता है। अगर धातु के बने या मोटे डिब्बे लें तो जो-जो सामान उनमें भरें उस नाम का लेबल उसमें चिपका दें, जिससे सामान आपको तुरंत मिल जाए।
- फ्रिज में बचा हुआ खाना, मक्खन, गुँथा हुआ आटा आदि रखने के लिए भी डिब्बों की जरूरत पड़ती है। इसके लिए आप प्लास्टिक, स्टील या हिन्डोलियम के डिब्बे प्रयोग में ला सकती हैं, हाँ इतना ख्याल रखें कि ये डिब्बे चपटे, पतले और हल्के हों। इन्हें फ्रिज में ठूँस-ठूँसकर नहीं भरना चाहिए, जिससे हवा के संचरण में रुकावट हो।
- ये डिब्बे नक्काशीदार और नमूनेदार न होकर सादे होने चाहिए ताकि धूल-मिट्टी आसानी से साफ हो सके।





# रोहित शेट्टी से अनुरोध किया था की मुझे सिर्फ बैकग्राउंड डांसर ना बनाए

प्रियामणि ने हाल ही में खुलासा किया कि जब उन्हें पहली बार रोहित शेट्टी के ऑफिस से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस के लिए फोन आया, तो उन्हें ये मजाक लगा था। प्रियामणि को यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है। प्रियामणि ने बातचीत के दौरान कहा- एक दिन मुझे रोहित शेट्टी के ऑफिस से फोन आया। मुझे लगा रोहित शेट्टी की टीम का कोई व्यक्ति मुझसे क्यों संपर्क करेगा। फिर उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। इस बात के लिए मैं तुरंत मान गई और हामी भरकर फोन रख दिया। सच कहूं तो मुझे लगा कोई मुझसे शरारत कर रहा है। फिर मैंने ये पता करने के लिए कि कॉल क्या सच है या मजाक अपने मैनेजर से पूछा। 5 मिनट बाद मेरे मैनेजर ने जानकारी दी कि वो कॉल असली थी। बस फिर क्या था, अगला काम जो मैंने किया वो था- बैग पैक करके सीधा मुंबई आना। मेरे मैनेजर भी मेरे साथ मुंबई आए। आखिरकार हमारी मुलाकात रोहित शेट्टी से हुई। रोहित शेट्टी ने मुझे बताया कि उन्होंने एक कन्नड़ गाना देखा है, जिसमें मैं और पुनीत राजकुमार हैं। प्रियामणि ने आगे कहा- मैंने चेन्नई एक्सप्रेस का एड अखबार में देखा था। मुझे पता था कि इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हैं। इसलिए मैं सोचने लगी कि रोहित सर मुझे ऐसी फिल्म में क्यों लेंगे। हालांकि मैं बहुत खुश और आभारी महसूस कर रही थी। मैंने रोहित सर से अनुरोध किया वे मुझे गाने में सिर्फ बैकग्राउंड डांसर ना बनाए। मैं अपने दिमाग में इसलिए ऐसा सोच रही थी, क्योंकि फिल्म में इंडस्ट्री के 2 सबसे बड़े नाम शामिल थे। ये बात सुनकर उन्होंने तुरंत कहा कि गाने में सिर्फ मैं और शाहरुख खान होंगे। दीपिका पादुकोण गाने में नहीं होंगी। जैसे ही मैंने ये सुना, तुरंत हां कर दी।

### प्रियामणि ने शाहरुख खान की तारीफ की

प्रियामणि ने बताया कि उन्होंने पांच रातों की अवधि में 1 2 3 4 गेट ऑन द डांस फ्लोर गाना शूट किया। शाहरुख खान की प्रशंसा करते हुए वे बोलीं- शाहरुख बहुत मेहनती हैं। वे जिस मुकाम पर आज हैं, उसके लिए उन्हें ये सब करने की जरूरत नहीं है। दरअसल हम शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक शूटिंग किया करते थे। जैसे ही शूटिंग खत्म होती थी, मैं आराम करने के लिए अपने कमरे में वापस चली जाती थी। लेकिन शाहरुख वहीं रुकते थे और असिस्टेंट्स के साथ और प्रैक्टिस किया करते थे। उनके समर्पण और सिनेमा के प्रति प्यार को मैं दिल से सलाम करती हूं।

### प्रियामणि जल्द ही मैदान में दिखेंगी

प्रियामणि जल्द ही अजय देवगन स्टारर फिल्म मैदान में नजर आएंगी। फिल्म में अजय देवगन फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के किरदार में दिखेंगे, जो कि माना जाता है भारतीय फुटबॉल के संस्थापक हैं। सैय्यद अब्दुल रहमान ने 1950 से 1963 तक भारतीय फुटबॉल टीम के कोच और प्रबंधक के रूप में काम किया था। ये फिल्म बोनी कपूर और जी स्टूडियोज के बैनर तले रिलीज होगी।



# निर्देशक बने कलाकारों में अब तक माधवन रहे नंबर वन

पिछले कुछ वर्षो में अभिनेता से निर्देशक बने कलाकारों पर नजर डाले तो निर्देशक के रूप में आर माधवन को ही सबसे अधिक सफलता मिली है। बीते शुक्रवार को को सिनेमाघरों में दो फिल्में स्वातंर्त्य वीर सावरकर और मडगांव एक्सप्रेस रिलीज हुई हैं। स्वातंर्त्य वीर सावरकर से अभिनेता रणदीप हुड्डा निर्देशन करियर की शुरुआत कर रहे हैं और मडगांव एक्सप्रेस में अभिनेता कुणाल खेमू निर्देशक बने हैं।

### रणदीप हुड्डा



अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपने निर्देशन करियर की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की बायोपिक स्वातंर्त्यवीर सावरकर से की। अपनी पहली ही फिल्म से रणदीप हुड्डा ने यह साबित कर दिया कि वह एक काबिल निर्देशक हैं। इस फिल्म में उनके अभिनय की जमकर तारीफ हो ही रही है, साथ ही उनके निर्देशन कौशल की भी खूब तारीफ हुई है। इस फिल्म का निर्माण और लेखन भी रणदीप हुड्डा ने किया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की ओपनिंग मराठी में बहुत अच्छी बताई जा रही है, हिंदी में फिल्म को उतना अच्छा प्रतिसाद नहीं मिला है।

### कुणाल खेमू




अभिनेता से निर्देशक बने कुणाल खेमू की भी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर के साथ सिनेमाघरों में 22 मार्च को रिलीज हुई है। कुणाल खेमू के निर्देशन के हिसाब से देखें तो यह औसत दर्जे की फिल्म है। इस फिल्म में कुणाल खेमू भी एक दृश्य में नजर आते हं। इस फिल्म से जिस तरह की उम्मीद कुणाल खेमू के प्रशंसक कर रहे थे, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को वैसी सफलता मिलती नहीं दिख रही है। फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने किया है।

### अजय देवगन




अभिनेता अजय देवगन अब तक चार फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। लेकिन जितने काबिल वह अभिनेता है उतने काबिल निर्देशक नहीं बन पाए। अजय देवगन ने अपने निर्देशन करियर की शुरुआत साल 2009 में रिलीज फिल्म यू मी और हम से की, इसके बाद उन्होंने शिवाय, रनवे 34 और पिछले साल रिलीज फिल्म भोला का निर्देशन किया। उनके निर्देशन में बनी अब तक चारों फिल्में दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी।

### रितेश देशमुख



अभिनेता रितेश देशमुख ने मराठी फिल्म वेद से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा। मराठी भाषा की यह सबसे सफल फिल्म रही है। साल 2022 में रिलीज यह मराठी सिनेमा की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। बाद में इस फिल्म को हिंदी में डब करके स्टार गोल्ड पर रिलीज किया गया था। इस फिल्म में रितेश देशमुख और उनकी पत्नी जेनेलिया डिसूजा की लीड भूमिकाएं थी। रितेश इन दिनों छत्रपति शिवाजी की कहानी पर आधारित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।



# सलमान ने दबंग 4 पर दी अपडेट

सलमान खान ने हाल ही में फिल्म दबंग 4 पर अपडेट दी है। उन्होंने कहा है कि जब उनकी और अरबाज खान की सहमति एक कहानी पर हो जाएगी, तब फिल्म की शूटिंग कर दी जाएगी। अभी तब की कहानियों पर दोनों की सोच मेल नहीं खा रही है। दबंग सीरीज की पहली फिल्म 2010 में रिलीज हुई थी। इसके 2 साल बाद, 2012 में फिल्म का दूसरा पार्ट दबंग 2 रिलीज हुआ था। 7 साल के लंबे अंतराल के बाद सीरीज का तीसरा पार्ट दबंग 3 रिलीज किया गया था। इन तीनों ही पार्ट में सलमान खान, सोनाक्षी सिन्हा और अरबाज खान को देखा गया था। फिल्म में सोनाक्षी ने सलमान की पत्नी का किरदार निभाया था। वहीं, अरबाज उनके भाई के रोल में दिखे थे। रवीना टंडन की फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान खान से दबंग 4 के बारे में सवाल किया गया। इस पर सलमान ने कहा- जब हम दोनों भाई (सलमान और अरबाज) एक ही स्क्रिप्ट को लॉक कर देंगे, फिल्म आ जाएगी। अभी अरबाज को कुछ और बनाना है, मुझे कुछ और। सलमान को आखिरी बार फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था। फिल्म में उनके साथ कटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी नजर आए थे। आने वाले समय में सलमान 25 साल बाद करण जौहर के साथ काम करने वाले हैं। फिल्म का टाइटल द बुल है, जिसके निर्देशन का जिम्मा 'शेरशाह' फेम डायरेक्टर विष्णुवर्धन पर होगा। वहीं, करण इसे प्रोड्यूस करेंगे। इसके अलावा सलमान के पास 'टाइगर वर्सेज पठान' और सूरज बड़जात्या की फिल्म 'प्रेम की शादी' भी है।



# 10 मई को थिएटर में दस्तक देगी राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत

श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला की जीवनी पर आधारित है। बोल्ला एक ऐसे उद्योगपति हैं, जिन्होंने अपनी दृष्टिहीनता को समस्या नहीं बल्कि चुनौती समझा और कामयाबी की नई इबारत लिखी। फिल्म में राजकुमार राव के अलावा ज्योतिका और अलाया एफ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेता राजकुमार राव के फैंस के लिए अच्छी खबर सामने आई है। राजकुमार राव की अपकमिंग फिल्म श्रीकांत, जिसका नाम पहले श्री रखा गया था। उसका इंतजार अब खत्म होने वाला है। मेकर्स ने शनिवार को इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। यह फिल्म उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला की जीवनी पर आधारित है, जिसमें राजकुमार राव मुख्य किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की घोषणा होने के बाद से ही दर्शकों में इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चलिए आपको बताते हैं कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। दरअसल, टी-सीरीज और चॉक एन चीज फिल्म्स प्रोडक्शन एलएलपी के बैनर तले बनी इस फिल्म की घोषणा के बाद से दर्शक से इसका इंतजार कर रहे थे। शनिवार को टी-सीरीज ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। फिल्म अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को थिएटर में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर में एक टैगलाइन भी लिखा गया है, आ रहा है सबकी आंखें खोलने।

### तुषार हीरानंदानी ने किया है निर्देशन

दरअसल, श्रीकांत बोल्ला एक ऐसे उद्योगपति हैं, जिन्होंने अपनी दृष्टिहीनता को समस्या नहीं बल्कि चुनौती समझा और कामयाबी की नई इबारत लिखी। फिल्म में राजकुमार राव के अलावा ज्योतिका और अलाया एफ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। श्रीकांत का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है। फिल्म की कहानी सुमित पुरोहित और जगदीप सिंधु ने लिखी है। गौरतलब है कि उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला बौलेंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक हैं, जो आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव से आते हैं।

# कृति सेनन ने राजनीति के सवाल पर तोड़ी चुप्पी

हाल ही में कंगना रनोट को मंडी सीट से बीजेपी का टिकट मिला है। गोविंदा भी शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए हैं। ऐसे में कृति ने भी एक इंटरव्यू के दौरान राजनीति में आने के बारे में अपने थॉट शेयर किए।

### राजनीति के सवाल पर तोड़ी चुप्पी

जब कृति से सवाल पूछा गया कि क्या वे कभी राजनीति में आना चाहेंगी? इस पर कृति ने कहा- मैंने कभी इसके बारे में सोचा नहीं है। सच कहूं तो मैं इस तरह से नहीं सोचती कि मुझे ये करना है या वो करना है। मैं कोई भी काम तभी करती हूं, जब मेरे अंदर से उसके लिए आवाज निकले। या अगर मेरे अंदर किसी चीज को लेकर बहुत पैशन हो। अगर कभी मेरे दिल में आएगा कि मुझे राजनीति में आना है, तब मैं शायद आ सकती हूं। जाहिर सी बात है कृति ने साफ कर दिया कि फिलहाल उनका राजनीति में आने का कोई प्लान नहीं है, लेकिन फ्यूचर में मन करेगा तो जरूर आएंगी।




# फिर से निभाएंगे बैड बॉय वाले किरदार

इमरान हाशमी इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेताओं में एक हैं। हाल के दिनों इमरान कई बड़ी और हिट फिल्मों में नजर आए। इमरान की हालिया रिलीज वेब सीरीज शो टाइम भी खूब चर्चा में हैं, जहां इमरान अपने किरदार से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। इंडस्ट्री में इस ऊंचाई पर पहुंचने के लिए इमरान ने लंबा संघर्ष किया, जिसमें साल 2008 में आई फिल्म जन्नत इमरान के करियर की टर्निंग प्वाइंट साबित हुई थी। बीते 11 साल से दर्शक इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसे लेकर इमरान हाशमी ने बड़ा खुलासा किया है। हाल ही में एक साक्षात्कार में इमरान ने जन्नत 3 के बारे में बात की। इमरान ने कहा, मेरे लिए यह सबसे बेहतर चीज होगी। हां अगर किस्मत में इसका बनना लिखा होगा तो मेरे लिए यह एक चमत्कार जैसा होगा। इमरान ने आगे कहा, आने वाले दिनों मेरी कई नई फिल्मों में नजर आने वाला हूं, जिसमें दर्शक मुझे मेरी पुरानी बैड बॉय वाले किरदार में देख सकेंगे। मैं एक बार फिर से उस तरह की किरदारों को निभाऊंगा।



# क्रूज पर शूट होगी अक्षय कुमार की 350 करोड़ी फिल्म हाउसफुल 5

अक्षय कुमार अभिनीत लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल 5 अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। हालांकि, अब तक इसकी शूटिंग या कलाकारों के नाम पर कोई अपडेट सामने नहीं आया है। फिल्म पहले दिवाली 2024 पर रिलीज होने वाली थी। वहीं अब इसे 6 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच फिल्म की शूटिंग को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है, जिसन फैंस के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और तरूण मनसुखानी द्वारा निर्देशित फिल्म हाउसफुल 5 का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस तरह यह भारत की सबसे बड़ी कॉमेडी फिल्म साबित होगी। हाउसफुल 5 के घोषणा वीडियो में सफल फ्रेंचाइजी की पहली चार फिल्मों के मजेदार और यादगार क्लिप दिखाए गए। दिलचस्प बात यह है कि इस्तेमाल किए गए ट्रांजिशन में एक क्रूज जहाज दिखाया गया है। इससे साफ होता है कि हाउसफुल 5 का क्रूज, दर्शकों को पागलपंती भरी सवारी पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाउसफुल फ्रेंचाइजी में आम बात यह है कि पागल पात्रों का एक समूह एक घर में इकट्ठा होता है, जिससे पागलपन पैदा होता है। इसीलिए इसका नाम हाउसफुल रखा गया, क्योंकि यह हाउस इन मजेदार किरदारों से भरा हुआ है। हाउसफुल 5 पिछले चार भागों की तुलना में पांच गुना अधिक मनोरंजक होने का वादा करता है। उम्मीद है कि नई फिल्म हर पैमाने पर बेहतर और बड़ी होगी, जो बिल्कुल मनमोहक कहानी और शानदार सिनेमाई दृश्यों के साथ दर्शकों को लुभाएगी। दोस्ताना फेम तरुण मनशुखानी ने इस बार निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली है और इसकी शूटिंग इस साल के मध्य में यूके में शुरू होने वाली है।



# मतदान के प्रति जागरूक करने को मैराथन दौड़ आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन संगठन के द्वारा महात्मा गांधी मिशन इंजीनियरिंग कॉलेज सेक्टर-62 नोएडा में प्रातः काल मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 3000 लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजित मैराथन दौड़ का जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, सीनियर कमांडेंट सीआईएसएफ हरिओम गांधी तथा एडीजी सीआरपीएफ दीपक कुमार तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा 10 किलोमीटर की दौड़ का हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया।




जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि मैराथन अहिंसा रन 10 किलोमीटर 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग दौड़ कराई गई। 10 किलोमीटर दौड़ के विजेताओं को पुरस्कार दिए गये और अन्य दौड़ के लिए पुरस्कार लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से दिए गए।

इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान भी संचालित किया गया, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी ने दौड़ में प्रतिभाग करने वाले सभी व्यक्तियों को आगामी 26 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# प्रशासन ने जगह-जगह चलाया स्वीप अभियान



**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह व सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह एवं उनकी टीम/जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर द्वारा जनपद में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक अभियान संचालित किये जा रहे हैं ताकि आने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदातागण अपने मत का प्रयोग करें।

जिला स्वीप कॉर्डिनेटर गीता भाटी, डा0 शालिनी सिंह, वंदना यादव एवं उनकी टीम द्वारा महात्मा गॉधी मिशन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेक्टर 62 नोएड़ा में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए मतदाताओं को पोस्टर, बैनर, स्लोगन आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दौड में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को आगामी 26 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी प्रकार जिला स्वीप कॉर्डिनेटर इन्दु गुर्जर एवं उनकी टीम द्वारा जेवर में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया एवं स्लोगन गीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। जिला स्वीप कॉर्डिनेटर प्रवीन एवं उनकी टीम द्वारा ग्रेट वैल्यू सोसाइटी सेक्टर-107 नोएडा में साउंड सिस्टम में मतदाता जागरूकता ऑडियो गीत के माध्यम से मतदाताओं को व्यापक स्तर पर जागरूक किया गया।

# पीएम के कार्यों को घर-घर जाकर बताया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित रवि मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 31 में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया तथा प्रधानमंत्री द्वारा 10 वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी दी।



इस दौरान पंडित रवि मिश्रा ने कहा कि जहां देश में भाजपा अबकी बार 400 पर के नारे को छात्र पर उतरेगी वहीं गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा इस बार रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगे उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकास कार्य तथा ऐतिहासिक कार्य किया है वह किसी से छुपी नहीं है इसी आधार पर भाजपा तीसरी बार देश में भारी बहुमत से विजय हासिल करेगी।

इस मौके पर महाराणा प्रताप मंडल के अध्यक्ष गोपाल गौड़ नरेंद्र चोपड़ा ष्टरु चौधरी एहसान कुरैशी ओमपाल सिंह तथा मंजू शर्मा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सेक्टर-12 में आग से तीन दुकानें स्वाह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** रविवार की शाम सेक्टर-12 के एक्स ब्लॉक मार्केट में लगी आग की चपेट में तीन दुकानें जलकर स्वाह हो गईं।

इसमें दुकान नं0 17 व 18 में जायका किंग तथा दुकान नं0 19 में अल कदीम बिरयानी की दुकान थी। बताया जाता है कि गैस रिसाव के कारण यह आग लगी। काफी मशक्कत के बाद फायर बिग्रेड आग पर काबू पा सका। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि 4.55 बजे आग की सूचना मिली थी। आग लगने का कारण गैर रिसीव बताया गया। तीन गाड़ियों ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया।

# संजय चौहान सेक्टर-144 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष बने



**नोएडा ( चेतना मंच )।** RWA सेक्टर 144 में वार्षिक आम सभा (AGM )का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने चुनाव ना कराकर आपसी सहमति से नयी कार्यकारिणी समिति के गठन के लिए हाथ उठाकर सहमति दी ओर सभी ने सर्वसम्मति से निम्नलिखित कार्यकारिणी समिति चुनी गयी-

संरक्षक-श्रीमती नम्रता, अध्यक्ष-संजय चौहान, उपाध्यक्ष-बिजेंदर सिंह, महासचिव-भगत सिंह तोंगड, कोषाध्यक्ष-अतुल शर्मा, सहसचिव-सतपाल सिंह, कार्यकारिणी सदस्य नीशू शर्मा, जयवीर बैंसला, सोनू चौहान।

# एक माह में 1366 फ्लैट खरीदारों को मिला मालिकाना हक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** फ्लैट खरीदारों को घर दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। खरीदारों को फ्लैटों पर कब्जा मिल सके, उनके नाम शीघ्र रजिस्ट्री हो सके, इसके लिए सरकार सभी आवश्यक फैसले ले रही है, जिसके चलते लिगेसी स्टॉल्ड प्रोजेक्ट के फ्लैटों की रजिस्ट्री भी तेजी से हो रही है।



## 4500 फ्लैटों की रजिस्ट्री जल्द शुरू करने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने बिल्डरों को जारी किए पत्र

अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें लागू करने से 94 परियोजनाओं के फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। अब तक 16 प्रोजेक्टों में लगभग 1366 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है। शेष 78 बिल्डर परियोजनाओं में भी रजिस्ट्री प्रक्रिया शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं के फ्लैटों की रजिस्ट्री लंबे समय से अटकी हुई थी। इनके खरीदार बहुत परेशान थे। प्रदेश की योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा के 94 बिल्डर परियोजनाओं के हजारों फ्लैट खरीदारों के लिए राहत का पिटारा खोला। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करने से 94 प्रोजेक्टों के फ्लैट की रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। प्रदेश सरकार ने फ्लैट खरीदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए बिल्डरों को कोविड-19 की अवधि (01.04.2020 से 31.03.2022) का जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। को-डेवलपर की पॉलिसी को अप्रूव्ड करते हुए अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने का अवसर प्रदान किया गया। ओखला बर्ड सेंचुरी के 10 किलोमीटर के दायरे में एनजीटी के आदेशों के क्रम में 14 अगस्त 2013 से 19 अगस्त 2015 तक जीरो पीरियड का लाभ दिए जाने पर विचार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बकाया धनराशि का 25 फीसदी जमा करते ही प्लान अप्रूवल, बंधक अनुमति एवं रजिस्ट्री की अनुमति तत्काल दिये जाने के निर्देश दिए गए। बिल्डर परियोजनाओं को अधिकतम तीन वर्ष में पूरा कराने के लिए निशुल्क समयावधि प्रदान करने और जिन परियोजनाओं में फ्लैट खरीदारों के हित जु? हैंए उनकी लीज डीड अगले तीन वर्ष तक निरस्त न करने समेत कई अहम फैसले लिए गए। इन फैसलों की वहज से ही फ्लैटों की रजिस्ट्री अब शुरू हो गई है। वर्तमान में 16 परियोजनाओं के कुल ड्यूज का 25 प्रतिशत धनराषि प्राधिकरण के खाते में बिल्डरों ने जमा करा दी है, जिससे लगभग 73 करो? रुपये की बकाया धनराशि प्राप्त हो गई है। इन परियोजनाओं के फ्लैटों की रजिस्ट्री भी शुरू हो गई है। अब तक लगभग 1366 फ्लैटों की रजिस्ट्री संपन्न भी हो चुकी है। शेष 78 परियोजनाओं में से 71 के लिए बिल्डरों ने आगामी अप्रैल माह तक 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने का आश्वासन दिया है, जिससे लगभग 715 करो? रुपये धनराशि प्राप्त हो जाएगी।

इन सभी 94 परियोजनाओं में कुल 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री होने की उम्मीद है। इसके अलावा अतिरिक्त मुआवजे के खिलाफ कोर्ट में जाने वाले प्रोजेक्टों के विवाद को जल्द सुलझाने के लिए भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रयासरत है, ताकि फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री जल्द हो सके।

## इन प्रोजेक्ट के 1366 फ्लैटों की हुई रजिस्ट्री

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बिल्डर विभाग ने बीते एक माह में जिन 39 विभिन्न बिल्डर परियोजनाओं के 1366 फ्लैटों की रजिस्ट्री की है उनमें पूर्वांचल प्रोजेक्ट, सीरजा रियल एस्टेट सॉल्यूशंस, रतन बिल्डटेक, कैपिटल एथेना, निराला इंफ्राटेक, एसजेपी होटल एंड रिसॉर्ट, स्टारसिटी रियल एस्टेट, पंचशील बिल्डटेक, प्रॉस्पर बिल्डटेक, श्रीधारा इंफ्राटेक, गुलशन होम्स, एनटाइचमेंट, पंचशील हाईनिस, हैबीटेक, अल्पाइन इंफ्राटेक, आईआईटीएल निंबस, गौरसन्स हाईटेक, पिजन, ऐस प्लेटटिनम, कामरूप इंफ्राबिल्ड, महालक्ष्मी, जिंदल, डोम्स, न्यूवे होम, ऐस सिटी, एपीवी रियलिटी, ऐम्स गोल्फ टाउन, गौड़ संस प्रमोटर्स, नंदी इंफ्राटेक, बलगार्विया, आर्जा, वेलेंसिया होम्स, अरिहंत आर्डन, टाउन पार्क, आस्था ग्रीन, सोलरिस, ओंमकार नेस्ट शामिल हैं।

## 4500 और फ्लैटों की रजिस्ट्री जल्द

ग्रेटर नोएडा स्थित 28 प्रोजेक्ट्स में 4500 और फ्लैटों की रजिस्ट्री होनी है, जिसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से बिल्डरों को तय धनराशि जमा करने के लिए पत्र जारी किया गया है।

इनमें स्टार सिटी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, जेएसएस बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड , एसएजी रियल टेक प्राइवेट लिमिटेड, निराला वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड , ट्राइडेंट इंफ्रा होमलैंड प्राइवेट लिमिटेड , गुलशन होम प्राइवेट लिमिटेड, अरिहंत इंफ्रा रिएल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, एसजेपी इनफ्रॉकाम प्राइवेट, अजय इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, ईको ग्रीन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, महालक्ष्मी बिल्ड टेक लिमिटेड , अरहम इस्कॉन प्राइवेट लिमिटेड, टाउन पार्क बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड , एआईजी इंफ्राटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, देविका गोल्ड होम प्राइवेट लिमिटेड, निराला डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, जतस्या प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड , राधे कृष्णा टेक्नो बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड, निराला हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, हेब इंफ्रास्ट्रक्कर प्राइवेट लिमिटेड, ओंमकार नेस्ट प्राइवेट लिमिटेड, एसडीएस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, निवास प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, हिमालय रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, बीएस बिल्डटेक, जेएम हाउसिंग लिमिटेड, रुद्रा बिल्डवेल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड और ऐम्स गोल्फ टाउन डेवलपर्स शामिल हैं। कुछ अन्य प्रोजेक्ट भी हैं जिनके प्लेटो की रजिस्ट्री शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है। इस तरह आने वाले दिनों में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कुल 94 प्रोजेक्टों में लगभग 15000 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो सकेगी।

